आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला

कोटे के अंदर कोटे को सुप्रीम मंजूरी

● सात जजों की पीठ ने सुनाया फैसला, राज्य मनमर्जी नहीं करेंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने आज आरक्षण के मुददे पर बड़ा फैसला दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति में कोटे में कोटे को मंजूरी दे दी है। अदालत का कहना है कि कोटे में कोटा असमानता के खिलाफ नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के सात जजों की पीठ ने कहा है कि राज्य सरकार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों में सब कैटेगरी बना सकती है, जिससे मूल और जरूरतमंद कैटेगरी को आरक्षण का अधिक फायदा मिलेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोटा के भीतर कोटा तर्कसंगत अंतर पर आधार पर होगा। इसे लेकर राज्य मनमर्जी से काम नहीं कर सकते। इसके साथ ही राज्यों की गतिविधियां न्यायिक समीक्षा के अधीन होगी। इसके साथ ही अदालत ने 2004 में ईवी चिन्नैया मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों के फैसले को पलट दिया है। मौजूदा पीठ ने 2004 में दिये उस फैसले को दरकिनार कर दिया है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि एसी/एसटी जनजातियों में सब कैटेगरी नहीं बनाई जा सकती है।

सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा कि हालांकि आरक्षण के बावजूद निचले तबके के लोगों को अपना पेशा छोड़ने में कठिनाई होती है। जस्टिस भूषण आर गवई ने सामाजिक लोकतंत्र की जरूरत पर दिए गए बीआर आंबेडकर के भाषण का हवाला देते हुए कहा कि पिछड़े समुदायों को प्राथमिकता देना राज्य का कर्तव्य है, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के केवल कुछ लोग ही आरक्षण का लाभ उठा रहे हैं। लेकिन जमीनी हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता कि एससी/एसटी के भीतर ऐसी श्रेणियां हैं जिन्हें सदियों से उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है।

जस्टिस गवई ने कहा कि सब कैटेगरी का आधार ये है कि एक बड़े समूह में से एक ग्रुप को अधिक भेदभाव का सामना करना पड़ता है। उन्होंने आंबेडकर का एक बयान पढ़ा, जो कहता है कि इतिहास बताता है कि जब नैतिकता का सामना अर्थव्यवस्था से होता है, तो जीत अर्थव्यवस्था की होती है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

हिमाचल में कुदरत का कहर

बादल फटा, नदियां उफान पर, 50 लापता

शिमला (एजेंसी)। हिमाचल प्रदेश में बारिश ने तबाही मचाई है। आनी के निरमंड में दो जगह, कुल्लू के मलाणा, मंडी जिले के थलटूखोड़ व चंबा जिले में बादल फटे हैं। बादल फटने से कई मकान, स्कूल और अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। तीनों जगह पर करीब 53 लोग लापता हो गए हैं। यहां 35 लोग सुरक्षित बचाए गए हैं। बादल फटने की घटना के बाद मंडी के पधर के सभी स्कूल और शिक्षण संस्थान आज बंद कर दिए गए हैं। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखबिंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि 5 लोग लापता हैं और अभी तक 3 शव बरामद किए गए हैं। शिमला के आपदा में 22 लोग लापता हैं। उनको ढूंढने के लिए एसडीआरएफ की टीम मौके के लिए रवाना हो गई है। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला के द्रंग विधानसभा के चौहरघाटी की टिक्कन और तेरंग गांव में बादल फटने से करीब 11 लोग लापता हैं। वहीं, एक की मौत होने की खबरें भी सामने आ रही है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

ग्रेटर नोएडा में झुग्गी पर गिरी दीवार, दंपत्ति की मौत

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा में भारी बारिश के कारण दादरी कस्बे में स्थित एक कॉलोनी की दीवार गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मरने वालों में एक महिला और एक पुरुष शामिल है। वहीं इस हादसे की खबर मिलते ही मौके पर प्रशासन की टीम पहुंची और मृतकों के शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाही में जुटी है। आपको बता दें कि दादरी कस्बे में स्थित अंबेडकरनगर कालोनी के तिरुपति एनक्लेव में तेज बारिश के कारण दीवार गिरने से अपनी झुग्गी में सो रहे सबूरअली (62 वर्ष) और उसकी पत्नी अमीना (50 वर्ष) की मौत हो गई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

ट्यूशन पढ़ने निकला बच्चा लापता

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। घर से ट्यूशन पढ़ने के लिए निकला (13 वर्षीय) बच्चा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। बच्चे के पिता ने थाना दादरी में मुकदमा दर्ज कराया है। एस्कॉर्ट कॉलोनी दादरी में रहने वाले हरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि उनका 13 वर्षीय बेटा 30 जुलाई को ट्यूशन पढ़ने के लिए पिंक सिटी कॉलोनी के लिए गया था। देर शाम जब वह वापस नहीं लौटा तो उन्होंने उसकी तलाश की। वह अपने बेटे के ट्यूटर के पास गए तो पता चला कि वह ट्यूशन नहीं आया था। बच्चे के पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए थाना दादरी में मुकदमा दर्ज कराया है।

शिवभक्त कांवडियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा

मेरठ (एजेंसी)। शिवभक्त कांवडियों पर आज हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई है। कांवड़ मार्ग और प्रमुख मंदिरों की निगरानी के लिए मेरठ जोन को बुधवार को हेलिकॉप्टर मिल गया है। एडीजी जोन डीके ठाकुर ने बताया कि आज मेरठ, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर और बागपत में हेलिकॉप्टर से निगरानी के साथ शिवभक्तों पर फूल बरसाए गए। हेलिकॉप्टर में सभी जिलों के डीएम और एसएसपी निगरानी करेंगे। शुक्रवार को आईजी नचिकेता झा और कमिश्नर सेल्वा कुमारी जे. निरीक्षण करेंगे।

शिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए बाबा औघड़नाथ मंदिर में चप्पे-चप्पे पर फोर्स तैनात कर दी गई है। यहां एटीएस के कमांडो निगरानी करेंगे। मंदिर में बनाया गया कंट्रोल रूम बुधवार को शुरू हो गया है। सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। मेरठ के जिलाधिकारी दीपक मीणा ने बताया कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

कांवड मार्ग पर चाक-चौबंद व्यवस्था

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। जिले में कांवड यात्रा को सुरक्षित सम्पन्न कराने के लिए पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर डीसीपी ग्रेटर नोएडा साद मियां खान के पर्यवेक्षण में एडीसीपी ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार द्वारा ग्रेटर नोएडा जोन के थाना दादरी क्षेत्र के अंतर्गत टी प्वाइंट,एनटीपीसी कट आदि क्षेत्र में कांवड़ियों से भेंट करते हुए कॉवड (शेष पृष्ठ-3 पर)

सोसायटी में हुड़दंग से रोका तो गार्ड पर भड़के दबंग

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बीटा-2 क्षेत्र में ऑफिसर्स कॉलोनी के गार्ड ने तीन कार सवार युवकों के खिलाफ गाली-गलौज और धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। गार्ड के मुताबिक कार सवार युवक सोसायटी में हुडदंग मचा रहे थे। उसने जब उन्हें टोका तो आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज की।

सेक्टर गामा-2 स्थित ऑफिसर्स कॉलोनी में कार्यरत गार्ड विपिन कुमार सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह 31 जुलाई को गेट नंबर एक पर अपनी ड्यूटी कर रहा था। रात्रि करीब 1:00 बजे बोलेरो, वेगनार और होंडा सिटी कार में कुछ युवक आए। कार सवार युवक तेज गति में ऑफीसर कॉलोनी में अपने कारों को दौडाने लगे। उसने जब युवकों से ऐसा करने के लिए मना किया तो उन्होंने उसके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। युवकों ने उसे धमकी दी कि वह उसे नौकरी करना भुला देंगे। गार्ड विपिन ने आकाश भाटी, विकास भाटी, आकाश निवासी बिसरख, अर्पण व राहुल भाटी निवासी मकोड़ा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना प्रभारी का कहना है कि ऑफीसर कॉलोनी में हुडदंग मचाने वाले युवकों की तलाश की जा रही है।

'गवाही ना दे, अंजाम अच्छा नहीं होगा'

दुष्कर्म पीड़िता को दी गई धमकी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना सूरजपुर स्थित न्यायालय में अपने केस की तारीख पर आई दुष्कर्म पीड़िता को दो युवकों ने रास्ते में जान से मारने की धमकी दी। बदमाशों ने युवती को धमकाया कि वह अपनी गवाही ना दे नहीं तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। पीड़िता ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज कराया है।

प्रिया (काल्पनिक नाम) ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसने वर्ष 2023 में दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। यह मामला वर्तमान में सूरजपुर स्थित न्यायालय में चल रहा है। वह अपने केस की पैरवी के लिए सूरजपुर स्थित न्यायालय में आई थी। तारीख पर उपस्थित होने के बाद वह वापस अपने घर जा रही थी तभी रास्ते में उसे दो युवकों ने रोक लिया। युवकों ने धमकी दी कि वह गवाही ना दे वरना अंजाम अच्छा नहीं होगा। उसने जब शोर मचाया तो दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सरेराह तीन युवकों ने पीटा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना रबूपुरा क्षेत्र के ग्राम फलेदा में तीन युवकों ने एक व्यक्ति के साथ गाली गलौज व मारपीट की। पीड़ित ने तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम फलेदा निवासी नरेश कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह 19 जून की रात्रि को अपने घर जा रहा था। इस दौरान गांव के ही ऋषिपाल, अशोक, कपिल और जतिन ने उसे रोक लिया और गाली गलौज शुरू कर दी। उसने जब गाली देने का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग इकट्ठे हो गए और किसी तरह बीच बचाव कर उसे बचाया। इसके बाद चारों आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

नोएडा प्राधिकरण ने लिया बड़ा एक्शन

पानी बिल के 10 बड़े बकायादारों को नोटिस

22 सेक्टरों में दिसंबर तक मिले मिश्रित गंगाजल

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा प्राधिकरण ने पानी के बिल के 10 बड़े बकायेदारों पर बड़ा एक्शन लिया है। प्राधिकरण ने पराग डेयरी समेत दस बड़े जल बकायेदारों पर कड़ी करवाई करेगा। ऐसे बकायेदारों को नोटिस जारी करके वसूली की जायेगी भुगतान ना करने पर लीज डीड भी कैंसिल की जा सकती हैं। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) डा, लोकेश एम ने

बैठक कर ये निर्देश दिए हैं। बैठक में जल विभाग के डीजीएम आरपी सिंह समेत अन्य आधिकारी मौजूद थे।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित जल राजस्व लक्ष्य 150.00 करोड के सापेक्ष अब तक प्राप्त जल राजस्व 79.05 करोड़ रुपए ही है। इस पर सीईओ ने संतोष व्यक्त किया। इसके साथ 37.50 क्यूसेक गंगाजल के शेष कार्य को पूरा करने के लिए कहा गया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

सत्र 2024 -2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा
फ़ोन .08750611103

बजट और चक्रव्यूह

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बजट पर बोलना था, लेकिन उन्होंने महाभारत कालीन चक्रव्यूह का नया रूपक ही गढ़ दिया। हजारों साल पुराने चक्रव्यूह में अभिमन्यु को घेर कर मार दिया गया था। उसका नियंत्रण द्रोणाचार्य, कृपाचार्य, कर्ण, कृतवर्मा, अश्वत्थामा और शकुनि के हाथों में था। आज का चक्रव्यूह भी प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, सरसंघचालक मोहन भागवत, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल आदि छह हाथों में है। दो शेष नाम देश के बड़े उद्योगपतियों के हैं, जिनका नाम सदन में नहीं लिया जा सकता था। स्पीकर ओम बिरला ने भी नियमों का हवाला दिया, लेकिन राहुल गांधी उनका एक बार नाम ले चुके थे। फिर उन्हें ए-1, ए-2 नामकरण दिया। राहुल गांधी ने यह रूपक क्यों गढ़ा? क्या आज का चक्रव्यूह भी किसी को हताहत करने को रचा गया है? संसद में ऐसी हिंसकवादी राजनीति के कोई मायने नहीं हैं, लिहाजा स्पीकर नेता प्रतिपक्ष को बार-बार सलाह देते रहे कि एक बार और सदन के नियमों को नेता प्रतिपक्ष पढ़ लें। जाहिर है कि राहुल गांधी बार-बार नियमों का उल्लंघन करते रहे हैं। बहरहाल नए चक्रव्यूह के संदर्भ में जवाब राहुल ही देंगे, लेकिन उनकी राजनीति समझ में जरूर आती है कि 2024 के आम चुनाव की तरह वह अब भी एक नेरेटिव देश में फैलाना चाहते हैं। वह नेरेटिव भाजपा के हिंदुत्व और सवर्णवाद की काट साबित हो सकता है, ऐसी राहुल गांधी की उम्मीद है। उनकी राजनीति जातीय जनगणना की है, जबकि कांग्रेस में उनके पुरखे ऐसे जातिवाद के खिलाफ थे और ऐसी जनगणना को कभी भी लागू नहीं किया। कांग्रेस की विरासत ही कांग्रेस के विपरीत है। राहुल गांधी का फोकस पिछड़े, दलित, आदिवासी पर ज्यादा है। उन्होंने अपने 46 मिनट के भाषण का सारांश यह रखा कि गरीब, पिछड़े, दलित, युवा, किसान समेत पूरा देश भय के चक्रव्यूह में है। अग्निवीरों को भी चक्रव्यूह में फंसाया गया है। प्रधानमंत्री जिस कमल के फूल (भाजपा का चुनाव चिह्न) को लहराते रहते हैं, उसी के आकार वाला चक्रव्यूह है। यहां नेता प्रतिपक्ष ने अपनी सियासत के मुताबिक हिंदू धर्म का अपमान किया है। भाजपा ने यूं पलटवार करते हुए कहा है कि जिस फूल को ब्रह्मा जी, देवी लक्ष्मी, देवी सरस्वती ने अपना आसन बनाया, पवित्रता के प्रतीक उसी फूल को राहुल गांधी ने 'हिंसक' करार दिया। यह धार्मिक अपमान राहुल की राजनीति के मुताबिक है। नेता प्रतिपक्ष ने बजट पर संभवतः 2.5 फीसदी ही बोला। सिर्फ शिक्षा का आवंटन ही उन्हें याद रहा। बजट की 'हलवा सेरेमनी' में भी उन्होंने जातिवाद को घुसेड़ कर कहा कि जो 20 अधिकारी देश का बजट तैयार करते हैं, उनमें कोई भी ओबीसी, दलित या आदिवासी अफसर नहीं है, जबकि इन समुदायों की आबादी देश की 73 फीसदी है। सिर्फ 2-3 फीसदी लोग ही 'हलवा' बनाते हैं, वे ही बांटते हैं और वे ही खा जाते हैं। देश की 73 फीसदी आबादी को 'हलवा' नहीं मिल रहा है। राहुल का कथन देश के संसाधनों और शक्तियों की व्याख्या कर रहा है। उनका जातिवाद भी इसी आधार पर टिका है कि जो देश में बहुसंख्यक हैं, वे ही वंचित और विपन्न हैं। शायद राहुल गांधी को यह याद नहीं रहा कि बजट से जुड़ा 'राजनीतिक हलवा' तो बीते 70 सालों से अधिक समय से बांटा जा रहा है। इस दौरान सर्वाधिक सरकारें कांग्रेस की रही हैं। गौरतलब है कि कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान 2011 की जनगणना के साथ जातीय जनगणना भी कराई गई थी। उसके आंकड़े सार्वजनिक क्यों नहीं किए गए? कर्नाटक में जब सिद्धारमैया पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, तब उन्होंने जातीय जनगणना कराई थी। आज भी वह मुख्यमंत्री हैं, लेकिन जातीय जनगणना के आंकड़े आज तक भी जारी नहीं किए गए। कांग्रेस या राहुल गांधी स्पष्ट कर सकते हैं कि उनके जातिवाद का यथार्थ क्या है? राहुल गांधी ने यह भी दावा किया है कि जो मध्यवर्ग प्रधानमंत्री मोदी की राजनीति का समर्थक था, आज वह 'इंडिया' की तरफ आ रहा है, क्योंकि मध्यवर्ग की पीठ और छाती में छुरा घोंपा गया है। बहरहाल हमारा सरोकार राहुल के चक्रव्यूह से है कि उसके मायने क्या हैं?

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे श्री रामजी! आपकी अच्छाई से सभी का भला है (अर्थात आपका कल्याणमय स्वभाव सभी का कल्याण करने वाला है) यदि यह बात सच है तो तुलसीदास का भी सदा कल्याण ही होगा॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

एहि बिधि निज गुन दोष कहि सबहि बहुरि सिरु नाइ।
बरनउँ रघुबर बिसद जसु सुनि कलि कलुष नसाइ॥

इस प्रकार अपने गुण-दोषों को कहकर और सबको फिर सिर नवाकर मैं श्री रघुनाथजी का निर्मल यश वर्णन करता हूँ, जिसके सुनने से कलियुग के पाप नष्ट हो जाते हैं॥

जागबलिक जो कथा सुहाई। भरद्वाज मुनिबरहि सुनाई॥
कहिहउँ सोइ संबाद बखानी। सुनहुँ सकल सज्जन सुखु मानी॥

मुनि याज्ञवल्क्यजी ने जो सुहावनी कथा मुनिश्रेष्ठ भरद्वाजजी को सुनाई थी, उसी संवाद को मैं बखानकर कहूँगा, सब सज्जन सुख का अनुभव करते हुए उसे सुनें॥

संभु कीन्ह यह चरित सुहावा। बहुरि कृपा करि उमहि सुनावा॥
सोइ सिव कागभुसुंडिहि दीन्हा। राम भगत अधिकारी चीन्हा॥

शिवजी ने पहले इस सुहावने चरित्र को रचा, फिर कृपा करके पार्वतीजी को सुनाया। वही चरित्र शिवजी ने काकभुशुण्डिजी को रामभक्त और अधिकारी पहचानकर दिया॥

(क्रमशः..)

अग्निपथ योजना पर विपक्ष फैला रहा अफवाह !

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कारगिल विजय के 25 वर्ष पूर्ण करने के अवसर पर द्रास क्षेत्र का दौरा किया। इस अवसर पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने स्पष्ट संकेत दिया कि अग्निपथ योजना फिलहाल बंद नहीं होने जा रही है। इसी के साथ इस अवसर पर भाजपा शासित राज्यों ने अग्निवीरों को आरक्षरण की घोषणा करके विपक्ष के विरोध की धार को कुंद करने का प्रयास किया। लोकसभा चुनावों में अग्निपथ योजना को विपक्ष ने एक बड़ा मुद्दा बनाया था, भारतीय जनता पार्टी के 240 सीटों पर सिमट जाने पर अब विपक्ष अग्निपथ योजना पर अपने को सही सिद्ध मान रहा है और उसके नेता यत्र तत्र इंडी सरकार आने पर इस योजना को समाप्त करने की घोषणा कर रहे हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर अग्निपथ योजना की प्रमुखता से चर्चा की।

अग्निपथ योजना का विरोध राजग गठबंधन में शामिल जनता दल (यूनाइटेड) ने भी किया है और इसमें संशोधन करने की मांग कर रखी है। स्मरणीय है कि इस योजना की घोषणा के बाद बिहार में ही सबसे अधिक उपद्रव हुआ था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष के सभी आरोपों व उनके द्वारा फैलाए गए झूठे नैरेटिव को खारिज करते हुए कहा कि अग्निपथ का उद्देश्य सेनाओं को युद्ध के लिए तैयार रखना है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष के उन दावों को भी खंडन किया कि पेंशन के पैसे बचाने के लिए अग्निपथ योजना प्रारम्भ की गई है। प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद भी विरोधी दल सत्य को अंगीकार करने को तैयार नहीं है। समाजवादी पार्टी के नये नवेले अति उत्साही सांसद अवधेश प्रसाद व अन्य दलों के नेताओ ने कहा कि जब इंडी गठबंधन की सरकार बनेगी तब अग्निपथ योजना को 24 घंटे में बंद कर दिया जायेगा।

उधर प्रधानमंत्री मोदी का वक्तव्य आने के बाद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस और पीएसी में अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा की इसके बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, उत्तराखंड, गुजरात, हरियाणा, असम और अरुणांचल प्रदेश आदि राज्यों ने भी अग्निवीरों के लिए पुलिस भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण देकर युवाओं को बेहद आकर्षक उपहार दिया है और उनके मन से यह डर दूर करने का प्रयास किया है कि सेना में चार साल की सेवा के बाद उनका क्या होगा। विपक्षी दल यही डर दिखाकर भ्रम फैलाते रहे हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पहले ही केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षाबल की भर्ती में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की थी। मंत्रालय ने बीएसएफ और सीआईएसएफ में भी अग्निवीरों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने सहित ऊपरी आयु सीमा में पांच साल और अन्य बैचों के उम्मीदवारों के लिए तीन साल तक की छूट देने की महत्वपूर्ण घोषणा की है। अग्निपथ योजना में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं के लिए सरकार के पास अभी अन्य अवसर भी हैं जिनकी घोषणा समय आने पर की जाएगी।

केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में भारतीय सेना में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना लागू की थी जिसके अंतर्गत थल, जल और वायु सेना में 4 वर्ष के लिए युवाओं को भर्ती किया जाता है जिसमें छह महीने का प्रशिक्षण भी शामिल है।

केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में भारतीय सेना में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना लागू की थी जिसके अंतर्गत थल, जल और वायु सेना में 4 वर्ष के लिए युवाओं को भर्ती किया जाता है जिसमें छह महीने का प्रशिक्षण भी शामिल है। 4 वर्ष की सेवा के बाद अग्निवीरों की रेटिंग तैयार की जायेगी इसी रेटिंग लिस्ट को मानक मानकर 25 प्रतिशत अग्निवीरों को स्थायी नियुक्ति दी जायेगी। इस योजना के अंतर्गत 17.5 से 21 वर्ष तक के युवक और युवतियां अपना आवेदन कर सकते हैं।अग्निपथ योजना में भर्ती होने के लिए कक्षा 10 व 12वीं उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।अग्निपथ योजना की अनेक विशेषताएं है। इस योजना में योग्यता व समानता के आधार पर ही भर्ती होगी। सेवा समाप्ति के बाद अग्निवीरों को उनके कौशल के अनुरूप स्किल प्रमाणपत्र दिया जायेगा जिसके आधार पर वह अपना व्यवसाय कर सकते हैं अथवा नौकरी करने जायेंगे तो उस कौशल के लिए प्रशिक्षित होंगे। सेवा के दौरान किसी प्रकार की अनहोनी होने की अवस्था में अग्निवीरों का बीमा भी किया जा रहा है।

विरोधी दल यह अफवाह भी फैला रहे हैं कि अग्निपथ योजना के अंतर्गत बलिदान होने वाले जवानों को पुरस्कृत नहीं किया जायेगा जबकि वास्तविकता यह है कि अग्निपथ योजना के अंतर्गत बलिदान होने वाले जवानों को भी पुरस्कार दिये जायेंगे। योजना के अंतर्गत अग्निवीरों का आरंभिक वेतन 30,000 रुपये प्रतिमाह है जो चौथे साल तक बढ़कर 40,000 तक हो जायेगा। सेवा समाप्ति के चार साल बाद सैनिकों को 10 से 12 लाख रुपये तक दिये जायेंगे जो पूरी तरह से टैक्स फ्री होंगे। विपक्ष यह आरोप भी लगा रहा है कि मात्र छह माह के प्रशिक्षण में ही अग्निवीर कैसे प्रशिक्षित हो सकेगा और देश की सीमाओं की सुरक्षा कर सकेगा, यह आरोप भी पूरी तरह से भ्रामक तथ्यों पर आधारित है। अग्निवीर भी अन्य सैनिकों की तरह ही प्रशिक्षित किया जायेगा।

विपक्ष यह भी आरोप लगा रहा है कि सरकार ने यह योजना सेना के साथ बिना किसी विचार - विमर्ष के लागू कर दी है यह आरोप भी पूरी तरह से झूठ है। जब पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार के समय कारगिल युद्ध हुआ तभी सेना की औसत आयु कम करने की आवश्यकता अनुभव की गई थी और सेना के कमांडरों की बैठक में इस योजना पर व्यापक विचार विमर्ष हुआ था। वर्तमान रक्षा मंत्री ने इस विषय पर विभिन्न हितधारकों के साथ हुई लम्बी और तथ्य परक बैठकों के विषय में सदन में विस्तृत जानकारी दी है। अग्निवीर जैसी योजनाएं इजराइयल सहित कई देशों में लागू हैं।

आज भारत के समस्त विरोधी दल अग्निपथ योजना का विरोध सुनियोजित षड्यंत्र के अंतर्गत ही कर रहे हैं। इस योजना का विरोध वो लोग कर रहे हैं जिन्होंने कभी सेना व सैनिकों का साथ नहीं दिया है। वो लोग अग्निपथ योजना का उपहास उड़ा रहे हैं जो सेना एयरस्ट्राइक का सबूत मांगते हैं। यह वही लोग हैं जिन्होंने पूर्व दिवंगत थलसेना प्रमुख विपिन चन्द्र रावत को गली का गुंडा कहा था।यह वही लोग हैं जिनके कारण सेना के जवानों के पास बुलेटप्रूफ जैकेट व जूते तक नहीं होते थे किंतु अब जब हमारी सेना हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रही है तो इनके पेट में दर्द हो रहा है। वो लोग अग्निपथ योजना का विरोध कर रहे हैं जिनके हाथ बड़े-बड़े रक्षा घोटालों से सने हुए हैं। वो लोग अग्निपथ योजना का विरोध कर रहे हैं जिनको कारगिल विजय दिवस की उपलब्धि महत्वहीन लगती है। यह वही लोग हैं जिन्होंने 2004 से 2014 तक कारगिल विजय दिवस मनाया ही नहीं। वो लोग अग्निपथ योजना का विरोध कर रहे हैं जिनके कार्यकाल में सीमा पर आतंकवाद का शिकार सैनिकों के क्षत विक्षत शवों पर कोई संवेदना तक व्यक्त नहीं की जाती थी। वास्तव में इन दलों को डर सता रहा है कि अगर यह योजना सफल हो गई तो बेरोजगारी का मुद्दा उनके हाथ से निकल जायेगा।अनुशासित युवा, सशक्त युवा और प्रशिक्षित युवा इन नेताओ के कहने से चक्का जाम करने नहीं आएगा।

अग्निपथ योजना भारत की सेना व भारत के युवा दोनों के लिए अतिमहत्वपूर्ण है। इससे एक ओर युवाओं के लिए नये अवसर खुल रहे हैं दूसरी ओर आतकंवाद के खतरनाक दौर में देश को अतिरिक्त सैनिक मिल रहे हैं। अग्निपथ योजना के विरुद्ध विपक्ष उसी प्रकार विरोध की मुहिम चला रहा है जिस प्रकार कोविड वैक्सीन के विरुद्ध चलाई थी। केंद्र व राज्य सरकारों ने अग्निवीरों को आरक्षण देकर एक बहुत बड़ा उपहार दिया है और यह भी बताने का प्रयास किया है कि वर्तमान सरकार अग्निवीरों के साथ खड़ी है और आगे भी खड़ी रहेगी।

मात्र मोदी विरोध के लिए अग्निपथ योजना का विरोध करने वाले विपक्ष को ये नहीं भूलना चाहिए कि संतानी भारतीय भारत की धरती को अपनी माँ से भी उच्च स्थान देते हुए इसे भारत माँ कहते हैं और भारत की सेना का हिस्सा बनना केवल एक नौकरी मात्र नहीं अपितु देश व समाज की सेवा करने का सशक्त माध्यम माना जाता है। सेना से सेवानिवृत्त हो जाने के बाद भी सैनिकों में मन में देश सेवा करने के लिए अप्रतिम स्थान होता है। सच तो यह है कि अग्निवीर योजना जैसे- जैसे आगे बढ़ेगी, अग्निवीर सामर्थ्यवान होकर घर लौटेंगे वैसे वैसे विपक्ष के झूठ धराशायी होता जाएगा।

- मृत्युंजय दीक्षित

नेताओं की महिला विरोधी मानसिकता

हाल ही में नीतीश कुमार ने महिला विधायक रेखा देवी जी को अपमानित करते हुए यह कह दिया कि 'तुम महिला हो, कुछ नहीं जानती हो।' इससे पहले भी कई बार अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया और एक बार तो विधानसभा में ऐसी व्याख्या कर दी जिसमें शर्म को भी शर्म आ गई। मेरा नीतीश जी से यह कहना है कि आप मुख्यमंत्री हैं, ठीक है। आप सरकारें बना सकते हैं, बिगाड़ सकते हैं, दलबदल कर सकते हैं, पर याद रखिए महिलाएं इस देश की राष्ट्रपति हैं। प्रधानमंत्री बन चुकी हैं। सीमा की रक्षा के लिए वीर सैनिक बेटियां राफेल उड़ा रही हैं। प्रशासनिक सेवाओं में और पुलिस सेवाओं में अपनी योग्यता से नाम कमा रही हैं। सीमाओं की रक्षा कुशलता से कर रही हैं। सुप्रीम कोर्ट की जज और वकील बनने वाली भी अगर महिलाएं कुछ नहीं जानतीं, तो क्या सब कुछ नीतीश कुमार जानते हैं, क्योंकि वे पुरुष हैं? नीतीश ने विश्व भर की महिलाओं का अपमान किया है। नीतीश सरकारें बना कर गिरा सकते होंगे, पर जो काम इस देश की महिलाओं ने कर दिया है, वह आज तक नहीं कर सके। मुझे लगता है नीतीश कुमार से ज्यादा उन विधायकों का दोष है जो अपने मुख्यमंत्री की अनुचित बातें सुनते, उसके पक्ष के लोग तालियां लगाते और उसका समर्थन करते हैं। नीतीश कुमार दुनिया भर की महिलाओं से माफी मांगें और सबसे पहले उस विधायक से, जिसे महिला होने के कारण यह कह दिया कि महिला हो, कुछ नहीं जानती हो। नीतीश कुमार उस पुरुष प्रधान मानसिकता के शिकार हैं जो हमेशा महिलाओं को नीचा दिखाती है। वह असंवैधानिक भाषा बोलते हैं, फिर भी संविधान की शपथ लेकर मुख्यमंत्री बने हैं। इस पर राष्ट्रीय महिला आयोग खामोश क्यों है?

नीतीश को नोटिस भेजकर पेश होने के लिए क्यों नहीं कह दिया? यद्यपि सदियों से ही धार्मिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं को वह स्थान नहीं मिला जो उनका अधिकार है। स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं ने अतुलनीय साहस का परिचय देते हुए पहले मुगलों के और फिर अंग्रेजों के छक्के छुड़ाए। बहुत पुरानी बात नहीं, जब नेताजी की सेना में रानी झांसी ब्रिगेड बनी तो उस समय की युवती लक्ष्मी सहगल ने कैप्टन के रूप में आजाद हिंद फौज में ऐतिहासिक वीरता दिखाते हुए काम किया और महिला बल को संगठित किया। रानी झांसी के जौहर कौन नहीं जानता- खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी। महारानी अहिल्या बाई की वीरता, धीरता और निष्पक्षता का साम्राज्य तथा शत्रुओं से लोहा लेने की गाथाएं देश में, विशेषकर मध्यप्रदेश में घर-घर गूंज रही हैं। मां अहिल्या बाई भी तो भारत के वीरों का कंठहार है। शिवाजी का निर्माण, मानसिक, आत्मिक और बौद्धिक रूप से उन्होंने ही किया। एक वीर पुत्र देश को दिया, जो धर्म के साथ ही देश की बेटियों की भी रक्षा करे, चाहे वह दुश्मन की भी क्यों न हो। असंख्य गाथाएं हैं और खासकर बिहार की वीर बालिकाओं का इतिहास संभवतः नीतीश नहीं जानते, उनको जिन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में अंग्रेज की गोलियों का भी सामना किया था। असम की कनकलता समेत और पंजाब की दुर्गा भाभी समेत महिलाओं के बुद्धि शौर्य और रण शौर्य की असंख्य गाथाएं हैं, पर अपनी अल्पबुद्धि और सत्ता के बल पर नीतीश ने महिलाओं का घोर अपमान पहले भी किया है और अब भी कर दिया है। नीतीश को बताना होगा कि क्या महिला है, इसलिए कुछ नहीं जानती? यह किस दुष्प्रभाव में कहा? वैसे भी भारत की पुरुष मानसिकता जानते हुए या अनभिज्ञता में महिलाओं का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ती। देश के किसी भी वर्ग का कोई विरला व्यक्ति ही ऐसा होगा, जो गाली निकालते हुए बेटियों, बहनों का अपमान नहीं करता। बड़े से बड़ा अधिकारी भी, मंत्री भी, सांसद और विधायक भी गाली निकालते हैं। यह सीधा-सीधा महिलाओं का अपमान है। केवल देश की बात नहीं, दुनिया भर में भी चर्चा है कि भारत में लिंग भेद बहुत ज्यादा है। वर्ल्ड इकोनामिक फोरम ने कुछ समय पहले ही ग्लोबल जैंडर गैप रिपोर्ट 2024 पब्लिश की है। इसमें 146 देशों में से भारत जैंडर गैप के मामले में 129वें स्थान पर पहुंच गया है। यह अत्यंत दुखद है। महिलाओं के शैक्षिक और राजनीतिक सशक्तिकरण में भी गिरावट आई है। संसद में महिलाओं की भागीदारी केवल 17.2 प्रतिशत है। यह दुख की बात है कि भारत उन देशों में शामिल है जहां लैंगिक समानता हर क्षेत्र में सबसे कम है।

भारत में पुरुष जहां 100 रुपए औसतन कमाते हैं, वहीं महिला 39.8 रुपए कमाती है। हम अपने आसपास के वातावरण में भी देखते हैं कि बहुत सी लड़कियां, जिन्होंने स्कूल के पश्चात आगे शिक्षा प्राप्त नहीं की, उनका यही कहना होता है कि आर्थिक स्थिति सही न होने के कारण माता-पिता ने पढने् से रोक लिया। बहुत सी ऐसी भी मिलेंगी जो कहेंगी कि विवाह से पहले वे कोई न कोई नौकरी आर्थिक मजबूती के लिए करती थीं, पर शादी के बाद छुड़वा दी गई। सच यह है कि हिंदुस्तान की आधी से ज्यादा औरतें, संभवतः असलियत ज्यादा ही हो, हर दिन पिटाई का शिकार होती हैं। गोवा के स्व. मुख्यमंत्री और भारत के पूर्व रक्षा मंत्री मनोहर पर्रिकर, जो बहुत ही नेक और शालीन व्यक्ति थे, उन्होंने भी यह कहा था कि मैं डरने लगा हूं, क्योंकि अब लड़कियां भी शराब पीने लगी हैं। सहने की क्षमता समाप्त हो रही है, पर उन्होंने यह कभी नहीं बताया कि गोवा में दुकान दुकान पर शराब बेची जाती है। दमन के समुद्र तट पर तो जिस तरह रेवडियां-मूंगफली बिकती हैं, इस तरह शराब बेची जाती है, पर न किसी को चिंता है और न पुरुष समाज शराब का आदी होकर महिलाओं पर अत्याचार करता है, इसकी किसी को चिंता है। वैसे राजनीतिक क्षेत्र के जो दिग्गज हैं, वे महिलाओं के विरुद्ध आक्षेप करते ही रहते हैं। समाजवादी पार्टी प्रमुख स्व. मुलायम सिंह यादव ने एक रैली में बलात्कार जैसा अपराध करने वालों के लिए जो कुछ कहा, वह लिखने योग्य नहीं, पर महिलाओं का सीधा-सीधा अपमान किया। शरद यादव महिलाओं पर कई बार अभद्र टिप्पणी कर चुके हैं। उन्होंने साउथ की महिलाओं को लेकर जो कहा था, वैसे तो वह बार-बार लिखने योग्य नहीं, पर दक्षिण भारत की महिलाओं के विषय में उनके शब्द, उनकी केवल शारीरिक सुंदरता का चित्रण किसी को अच्छा नहीं लगा, न संसद में न बाहर।

भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय ने भी यद्यपि सद्भावना से ही कहा, पर हर समय महिलाओं के लिए उपदेश इन राजनेताओं की आदत बन गई है। उन्होंने होली मिलन के कार्यक्रम में यह कहा- महिलाओं को ऐसा श्रृंगार करना चाहिए जिससे श्रद्धा पैदा हो, न कि उत्तेजना। कभी-कभी महिलाएं ऐसा श्रृंगार करती हैं जिससे पुरुष उत्तेजित हो जाते हैं।

-लक्ष्मीकांता चावला

राशिफल

श्रावण कृष्ण पक्ष : द्वादशी | **(विक्रम संवत् 2081)**

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
थोड़ी मानसिक उलझन बनी रहेगी। वैवाहिक स्थिति में आपकी थोड़ी बेहतर स्थिति दिख रही है। प्रेम-संतान अच्छा है।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
धन आगमन होगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
सितारों की तरह चमकेंगे। ऊर्जा का स्तर बढ़ेगा। सकारात्मक ऊर्जा का स्तर बढ़ेगा। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा है।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम रहेगा। बुझा-बुझा सा महसूस करेंगे। खर्च की अधिकता रहेगी। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यात्रा का योग बनेगा। रुका हुआ धन वापस मिलेगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। सरकारी तंत्र साथ देगा।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
जोखिम से उबर चुके हैं। भाग्यवश कुछ काम बनेंगे। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे। यात्रा का योग बनेगा। स्वास्थ्य अच्छा है।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम, प्रेम-संतान अच्छा।

धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)
नौकरी चाकरी की स्थिति अच्छी होगी। स्वास्थ्य अच्छा, प्रेम-संतान अच्छा, व्यापार अच्छा।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
शत्रु भी मित्र बनने की कोशिश करेंगे। गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान की स्थिति मध्यम रहेगी।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है लेकिन गृहकलह भी संभव है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान ठीक ठाक।

किसान सभा ने किया घेराव

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। किसान सभा के जिला सचिव दुष्यंत सैन के नेतृत्व में रोजा याकूबपुर के निवासियों ने बार-बार बिजली चले जाने ट्रांसफार्मर जल जाने एवं कम बिजली सप्लाई के मुद्दे पर ईटेडा बिजली घर का घेराव किया। परेशान ग्रामीणों ने ईटेडा बिजली घर पर पहुंचकर एसडीओ का घेराव किया गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित किया।

पुलिस के हस्तक्षेप के बाद दुष्यंत सैन के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बिजली की समस्या पर एसडीओ से बातचीत की बातचीत में एसडीओ ने बिजली समस्या को तुरंत हल करने का आश्वासन दिया। आश्वासन के आधार पर धरना प्रदर्शन घेराव समाप्त करने की घोषणा दुष्यंत सैन की।

धरनारत ग्रामीणों को संबोधित करते हुए दुष्यंत सैन ने कहा कि बिजली की समस्या दिन प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है कभी भी बिजली चली जाती है तय ग्रामीण शेड्यूल के अनुसार 18 घंटे बिजली आनी चाहिए जबकि बिजली की सप्लाई मुश्किल से 8-10 घंटे भी नहीं हो पा रही है अत्यधिक गर्मी के कारण बच्चों महिलाओं बुजुर्गों का हाल बेहाल है।

बिजली अधिकारी कान में रुई डालकर सोए हुए हैं कान खोलने के लिए आज ग्रामीण इकट्ठा हुए और बिजली घर का घेराव किया यदि अगले दो दिन में समस्या हल नहीं होती है तो एसडीओ को फिर से घेर लिया जाएगा। प्रदर्शन में सुरेश दिनेश रमेश रामकुमार जयकुमार एवं अन्य सैकड़ो महिला पुरुष शामिल रहे।

वनवास काट रहे भाजपा नेता कर सकते है पार्टी का नुकसान

ग्रेटर नोएडा(चेतना मंच)। वनवास काट रहे भारतीय जनता पार्टी के कई दिग्गज नेताओं को यह समय रहते नहीं मनाया गया तो 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में पार्टी को खासा नुकसान उठाना पड़ सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक दर्जन से अधिक भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता इन दिनों वनवास में हैं। क्योंकि इन नेताओं को ना तो जिले की इकाई पूछता है ना ही उनकी कहीं सुनवाई होती है। यह दिग्गज नेता अपने ही काम करने के लिए परेशान दिखाई पड़ रहे हैं।

कमोवेश यही हाल उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में है जहां भाजपा कार्यकर्ता सरकार से नाराज हैं और यही कारण रहा की 2024 में हुए आम लोकसभा के चुनाव में पार्टी को उत्तर प्रदेश में करारी हार का सामना करना पड़ा हार से बौखलाई भारतीय जनता पार्टी मं मंथन के अभियान में जुट गई। लेकिन उसका नतीजा कुछ भी नहीं निकाल मंथन हुआ बैठक हुई और सब मामले फाइलों में दबाकर बंद हो गए लेकिन जिस तरह से अब वनवासी

भाजपाई मुखर होकर पार्टी का विरोध करने का मन बना रहे हैं। उसे पार्टी को नुकसान उठाना पड़ सकता है। कई दिग्गज नेताओं ने नाम में छापने की शर्त को बताया कि पार्टी द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रमों में उन्हें बुलाया नहीं जाता है ना पूछा जाता है। यहां तक की इन नेताओं को हासीयें पर पूरी तरह से रख दिया गया है।

सूत्र बताते हैं कि इन दिग्गज नेताओं को कोई पूछने वाला नहीं है और एक कारण है कि भारतीय जनता पार्टी धीरे-धीरे जिले में कमजोर होती जा रही है। अब देखना है कि बनवासी दिग्गज बीजेपी नेताओं को पार्टी कैसे मनाती है यह तो आने वाला समय बताएगा लेकिन जिस तरह से पार्टी कार्यकर्ता अभी भी मायूसी झेल रहे हैं। उससे नहीं लगता कि 2027 में पार्टी की नैया पार हो पाएगी।

पीड़ित परिजनों से मिला प्रतिनिधिमण्डल

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर- 8 के झुग्गी बस्ती निवासी दौलत राम के घर पर आग लगने की घटना से उनकी 10 वर्षीय आस्था, 7 वर्षीय नैना, 5 वर्षीय आराध्या, बेटी की आग में बुरी तरह झुलसने के कारण दर्दनाक मौत हो गई तथा बच्चियों को बचाने में दौलत राम भी बुरी तरह घायल हो गए।

घटना में पीड़ित परिवार से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला प्रभारी गंगेश्वर दत्त शर्मा के नेतृत्व में पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल पार्टी नेता भारत डेंजर, रमाकांत सिंह, गणेश, जनवादी महिला समिति की नेता चंदा बेगम, गुड़िया देवी, रेखा चौहान आदि ने मुलाकात कर मृतक बच्चों के परिजनों के साथ शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें ढांढस बंधाया।

'गांव की लाइब्रेरी में बैठकर छात्र बुन रहे भविष्य के सपने'

एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने ग्रामीणों की पहल को जमकर सराहा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। जहां चाह हो वहां राह भी खुद-ब-खुद बन जाती है। स्मार्ट विलेज घंघोला के ग्रामीणों ने यह कर दिखाया है। अपने गांव के बच्चों को पढ़ाई का अच्छा माहौल देने के लिए ग्रामीणों ने गांव के बरातघर के एक हिस्से को लाइब्रेरी में तब्दील कर दिया, जिसमें न सिर्फ घंघोला, बल्कि आसपास के गांव के बच्चे भी आकर दिन भर पढ़ाई कर अपने भविष्य की नींव रख रहे हैं। गांव के भ्रमण पर पहुंचे ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने ग्रामीणों की इस पहल की जमकर सराहना की।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अपने अधीनस्थों को गांवों में विकास कार्यों का नियमित जायजा लेने के निर्देश दिए हैं, जिससे वरिष्ठ अधिकारी विकास कार्यों का मौके पर जायजा लेने जा रहे हैं। प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने बुधवार को स्मार्ट विलेज सिरसा, घंघोला और सलेमपुर गुर्जर गांव का निरीक्षण किया। एसीईओ ने सिरसा में आबादी भूखंडों के विकास कार्यों को देखा। वहां से एसीईओ सलेमपुर गुर्जर पहुंचे। उन्होंने श्मशान घाट का जायजा लिया। सिरसा के बाद वे घंघोला गांव पहुंचे। वहां के आरसीसी रोड का जायजा लिया। बरातघर में बनी लाइब्रेरी देखने पहुंचे। ग्रामीणों ने बहुत अच्छी लाइब्रेरी बना रखी है, जिसमें बैठकर आसपास के छात्र पढ़ाई करते दिखे। एसीईओ ने जूते बाहर निकाल कर नंगे पांव लाइब्रेरी में घूमे और छात्रों से बातचीत की। एसीईओ लाइब्रेरी देखकर बहुत गदगद हुए। उन्होंने ग्रामीणों के प्रयास को जमकर सराहा। वहीं, एसीईओ ने संबंधित स्टाफ को इन गांवों के खाली जगहों पर पौधरोपण करने के निर्देश दिए। उनके साथ वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह, प्रबंधक विवेक किशोर और प्रबंधक राकेश बाबू व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

तमंचे के साथ बदमाश गिरफ्तार

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-20 पुलिस ने एक शातिर बदमाश को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया बदमाश आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा था।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। सेक्टर-29 स्थित ब्रह्मपुत्र मार्केट के पास एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम रोशन कुमार पुत्र सुरेश बताया। पकड़ा गया आरोपी मूल रूप से जिला शेखपुरा बिहार का रहने वाला है और हाल में न्यू अशोकनगर दिल्ली में रह रहा है। रोशन कुमार ने बताया कि उसे हथियार रखने का शौक है इसलिए वह अपने पास तमंचा रखता था। पकड़े गए बदमाश के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

बेटी को भगा ले गया पड़ोसी

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के सलारपुर से पड़ोस में रहने वाला युवक नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के पिता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सलारपुर गांव में किराए पर रहने वाले मनोज (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी (17 वर्षीय) बेटी 30 जुलाई की सुबह घर से बिना बताए चली गई। देर शाम तक घर वापस ना लौटने पर उन्होंने उसकी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इस दौरान उन्हें पता चला कि उनके गांव का ही कुलदीप उर्फ शैतान पुत्र बलवीर उनकी बेटी को भाग कर ले गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

भाजपा नेता कावंड लेने पहुंचे हरिद्वार

ग्रेटर नोएडा(चेतना मंच)। भारतीय जनता पार्टी के नेता डॉक्टर दीपक कुशवाहा ने अपने सहयोगियों के साथ गत दो दिन पूर्व हरिद्वार पहुंचे और वहां से कावड़ लेकर गौतमबुद्ध नगर की ओर चल दिए हैं। कल वह कुलेसरा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर पहुंचकर जलाभिषेक करेंगे। सावन के महीने में कावड़ यात्रा की पूरे देश में धूम मची हुई है। इसी कड़ी में भगवान शंकर के भक्तों ने कावड़ के कांवड़ से जल चढ़कर भगवान शिव को प्रसन्न करने के कार्य में लगे हुए हैं।

पिता-पुत्र ने दुकानदार व पत्नी को पीटा

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सदरपुर गांव में टीवी सही करने के विवाद में पिता-पुत्रों ने मिलकर दुकानदार व उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। दुकानदार की शिकायत पर थाना सेक्टर-39 पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सदरपुर की खजूर कॉलोनी में रहने वाले रमेश दयाल गुप्ता ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह अपने घर में टीवी रिपेयरिंग की दुकान चलाते हैं। 30 जुलाई की रात्रि को वह अपनी पत्नी के साथ घर में ही बनी दुकान पर बैठकर चाय पी रहे थे। इस दौरान सदरपुर के रहने वाले सोमपाल व उसके लड़के रितिक, सैंकी उसकी दुकान पर पहुंचे और टीवी सही करने को लेकर वाद विवाद करने लगे। इस दौरान तीनों ने उसके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। उसने जब गाली देने का विरोध किया तो तीनों आरोपी उसे पीटते हुए घर के भीतर ले आए। उसकी पत्नी उसे बचाने के लिए आई तो तीनों ने उसके साथ भी मारपीट की। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

पृष्ठ एक के शेष....

कोटे के अंदर...

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने 6-1 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि हम मानते हैं कि सब कैटेगरी की अनुमति है लेकिन जस्टिस बेला माधुर्य त्रिवेदी ने इससे असहमति जताई।

हिमाचल में ...

हिमाचल प्रदेश में कुदरत एक बार फिर कहर बरपा रही है। मंडी के थलटूखोड़ में आधी रात बादल फटने से तबाही मच गई। यहां मकान ढहने की सूचना है। सड़क कनेक्टिविटी भी ठप हो गई है। मौके के लिए एसडीआरएफ समेत अन्य टीमें रवाना हो गई हैं। थलटूखोड़ पंचायत प्रधान कली राम ने बताया कि तेरंग और राजबन गांव में बादल फटने की घटना हुई है। घटना में कई लोग लापता है। तीन घर बहने की सूचना है।

जानकारी मिली है कि पधर उपमंडल के थलटूखोड़ में बादल फटने की घटना में नौ लोग लापता हैं, एक शव बरामद किया गया है। जबकि 35 सुरक्षित हैं। मंडी जिला प्रशासन ने रेस्क्यू के लिए एयरफोर्स को अलर्ट किया है। मदद की जरूरत होने पर सेवाएं ली जाएंगी। एनडीआरएफ को भी मदद का निवेदन किया गया है।

डीसी अपूर्व देवगन और रेस्क्यू टीमें पैदल ही प्रभावित क्षेत्र के लिए जा रही हैं। मौके पर मौजूद स्थानीय प्रशासन राहत कार्यों में जुटे हैं। सड़कें और रास्ते टूटने के कारण घटनास्थल तक पहुंचने में दिक्कत आ रही है। इसके अलावा, शिमला-कुल्लू सीमा पर बादल फटने से तबाही मची है। कई मकान, स्कूल और अस्पताल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कई लोगों के लापता होने की खबर है। राहत एवं बचाव कार्य चलाया गया है। मौके के लिए एसडीआरएफ की टीम रवाना हो गई है। जानकारी के अनुसार, कुल्लू के निरमंड इलाके में बादल फटा है। इससे भारी नुकसान हुआ है। 20 से अधिक लोगों के लापता होने की खबर है।

निरमंड ब्लॉक के झाकड़ी में समेज खड्ड में हाइड्रो प्रोजेक्ट के नजदीक बादल फटने की सूचना मिली है। गुरुवार सुबह तड़के बादल फटा है। घटना स्थल के लिए उपायुक्त अनुपम कश्यप और पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी भी रवाना हो गए हैं। उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही एनडीएसआरएफ की टीम, पुलिस, रेस्क्यू दल घटना स्थल के लिए रवाना हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि बादल फटने से प्रभावित क्षेत्र से 19 लोगों के लापता होने की जानकारी है। एसडीएम रामपुर निशांत तोमर घटना स्थल पर पहुंच रहें है। सड़क कई जगह बंद होने के कारण टीम दो किलोमीटर पैदल ही घटना स्थल पर पहुंचने के लिए प्रयास कर रही है।

कुल्लू जिले के मलाणा नाले में भारी बारिश के दौरान बादल फटने से मलाणा वन और मलाणा टू पावर प्रोजेक्ट को भारी क्षति पहुंची है। भारी बारिश के बाद पार्वती नदी का भी जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बढ़ गया है। जिया, भुंतर सहित नदी तट पर लगते तमाम क्षेत्रों से लोगों को अपने घर खाली कर सुरक्षित जगह जाने की अपील की गई है। इसके साथ-साथ ही व्यास और तीर्थन नदियों में भी जलस्तर बढ़ा हुआ है। सभी से नदी नालों से सुरक्षित स्थानों पर रहने के लिए अपील की गई है।

कुल्लू जिले के निरमंड इलाके के बागीपुल में 8-10 मकान बह गए हैं। जिसमें पटवार खाना, होटल, दुकानें भी शामिल हैं। बागीपुल में सात से दस लोगों के लापता होने की सूचना है।

शिवभक्त कांवडियों...

आज कांवडियों पर पल्लवपुरम शिवाया होटाल, बागपत फ्लाईओवर, सकौती और बाबा औघड़नाथ मंदिर के आसपास शिवभक्तों पर पुष्प वर्षा की गई।

मेरठ के एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि एटीएस कमांडो की एक यूनिट, तीन कंपनी पीएसी और दो कंपनी आरएएफ की तैनात की गई हैं। दो एएसपी, आठ डीएसपी, 15 इंस्पेक्टर, 112 सब इंस्पेक्टर, 550 कांस्टेबल तैनात किए गए हैं।

सेना की क्यूआरटी टीम भी निगरानी करेगी। सादे कपड़ों में महिला और पुरुष पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए हैं। सदर थाने में रिजर्व पुलिस फोर्स भी रखा गया। दो फायर टैंकर मंदिर के भीतर और बाहर रहेंगे। जलाभिषेक करने वालों और बाहर आने वालों के लिए अलग-अलग ड्यूटी ऑफिसर तैनात किए गए हैं। मंदिर से 500 मीटर पहले कोई भी वाहन नहीं आने दिया जाएगा। यहां पर मंदिर के तरफ हर दिशा से आने वाले रास्ते में बैरिकेडिंग रहेगी। रास्ते में 24 जगहों पर पिकेट लगाई गई है। जिले में महादेव शिव मंदिर दबथुवा, महादेव मंदिर लोइया दौराला, महादेव मंदिर गगोल परतापुर, महादेव मंदिर भोला झाल और नंगली गांव स्थित शिव मंदिर में भी पुलिस ड्यूटी लगाई गई है।

कांवड मार्ग पर...

शिविरों एवं कॉवड मार्ग का निरीक्षण किया गया।

उनके द्वारा शिविर के अन्दर साफ-सफाई, पानी/बिजली की उचित व्यवस्था के लिए सम्बन्धित लोगों को निर्देशित किया गया तथा कॉवड शिविरों में विश्राम कर रहे एवं कांवड मार्ग पर यात्रा कर रहे शिव भक्तों से वार्ता कर उनका कुशलक्षेम पूछा गया। उनके द्वारा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये एवं सम्बन्धित थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि कांवड यात्रा को लेकर पीसीआर, पीआरवी वाहनों द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जाये व यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखा जाये।

पानी बिल के...

सीईओ ने कहा कि बड़े बकायादार है पराग डेरी बी-219 फेज-2, एसडीएस इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, लॉजिक्स सिटी डेवलपर, लॉजिक्स इंफ्राटेक लिमिटेड, जेएम हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड आदि पर नोटिस चस्पा किया जाए। इसके बाद भी यदि पैसा जमा नहीं किया जाता तो लीज डीड की शर्तो के अनुसार काम किया जाएगा।

दिसंबर तक 22 अन्य सेक्टरों गंगाजल की पूर्ति होगी

नोएडा में रैनीवेलों में पानी की उपलब्धता में सुधार किया जा रहा है। वर्तमान में क्रियाशील किए गए रैनीवेल संख्या-1, 2, 3 एवं 5 द्वारा 40 सेक्टरों में गंगाजल मिश्रित जलापूर्ति की जा रही है। इस पर संतोष व्यक्त किया गया। वर्तमान में प्रगतिरत 2 रैनीवेलों संख्या 4 व 6 कोजल्द से जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। इससे 22 सेक्टरों में गंगाजल मिश्रित दिसंबर तक की जाएगी। जिन ट्यूबवेल का टीडीएस ज्यादा है। उनको बंद करने के निर्देश दिए गए।

सेक्टरों में लगाए जाएंगे वाटर मीटर

सीईओ ने निर्देश दिया कि सेक्टरों में आरडब्ल्यूए के साथ बैठक की जाए। ताकि यहां भी मकानों में वाटर मीटर लगाकर सप्लाई की जा सके। इसके अलावा दर निर्धारण के संबंध में भी बैठक की जाए। इस मौके पर बताया कि गया कि जहां भी वाटर मीटर लगे है। वहां किलो लीटर के हिसाब से वर्तमान में जल राजस्व और वाटर मीटर से जनरेट बिल के साथ कंपेयर करके दर निर्धारित किया जाए।

नई तकनीक से होगी 24 नालों की सफाई

नोएडा में कोंडली ड्रेन में गिरने वाले सभी 24 नाले और नालियों का पानी ग्रे और ब्लैक है। सीईओ ने कहा कि एक सप्ताह में सभी का निरीक्षण किया जाए। नीर संस्था की मदद से इनकी साफ-सफाई के लिए नई तकनीक पर काम किया जाए। डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए गए।

ग्रेटर नोएडा में...

दोनों आलमगंज, थाना गौरीपुर, जिला धुबरी (असम) के मूल निवासी थे और इलाके में कबाड़ बीनने का काम करते थे। जब यह हादसा हुआ दोनों दीवार के साथ बनी झुग्गी में सो रहे थे। जैसे ही दीवार गिरी उसके बाद चारों तरफ अफरा तफरी मच गई। इस मामले में आस पड़ोस के लोगों का कहना है कि कॉलोनी की दीवार पहले से ही गिरने की स्थिति में थी और देर रात हुई बारिश के चलते दीवार झोपड़ी के ऊपर गिर गई, जिसमें दोनों की मौत हो गई। मरने वालों के घर मातम का माहौल है।

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

महत्त्वपूर्ण सूचना

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए रेलवे द्वारा चलाई जा रही निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के संचालन की अवधि में बढ़ोतरी करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

रेलगाड़ी सं. एवं नाम	चलने के दिन	विस्तारित अवधि
09195 वडोदरा जं.-मऊ ज. ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	शनिवार	28.09.2024 तक
09196 मऊ ज.-वडोदरा जं. ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	रविवार	29.09.2024 तक
09417 अहमदाबाद-दानापुर ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	सोमवार	30.09.2024 तक
09418 दानापुर-अहमदाबाद ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	मंगलवार	01.10.2024 तक
09557 भावनगर टर्मिनस-दिल्ली कैंट ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	शुक्रवार	27.09.2024 तक
09558 दिल्ली कैंट-भावनगर टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	शनिवार	28.09.2024 तक
09405 साबरमती-पटना जं. ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	मंगलवार	24.09.2024 तक
09406 पटना जं.-साबरमती ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	गुरूवार	26.09.2024 तक
09097 बांद्रा(टर्मि.)-श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	रविवार	29.12.2024 तक
09098 श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा-बांद्रा(टर्मि.) ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	मंगलवार	31.12.2024 तक
09525 हापा-नाहरलगुन ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	बुधवार	25.12.2024 तक
09526 नाहरलगुन-हापा ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	शनिवार	28.12.2024 तक
09183 मुंबई सेन्ट्रल-बनारस ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	बुधवार	25.12.2024 तक
09184 बनारस-मुंबई सेन्ट्रल ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	शुक्रवार	27.12.2024 तक
09309 इंदौर जं.-हज़रत निज़ामुद्दीन ग्रीष्मकालीन विशेष (सप्ताह में 2 दिन)	शुक्र, रवि	29.12.2024 तक
09310 हज़रत निज़ामुद्दीन-इंदौर जं. ग्रीष्मकालीन विशेष (सप्ताह में 2 दिन)	सोम, शनि	30.12.2024 तक
09075 मुंबई सेन्ट्रल-काठगोदाम ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	बुधवार	25.12.2024 तक
09076 काठगोदाम-मुंबई सेन्ट्रल ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	गुरूवार	26.12.2024 तक
09189 मुंबई सेन्ट्रल-कटिहार जं. ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	शनिवार	28.12.2024 तक
09190 कटिहार जं.-मुंबई सेन्ट्रल ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	मंगलवार	31.12.2024 तक
04123 प्रयागराज-हज़रत निज़ामुद्दीन ग्रीष्मकालीन विशेष (सप्ताह में 2 दिन)	रवि, बुध	04 से 28.08.24 तक
04124 हज़रत निज़ामुद्दीन-प्रयागराज ग्रीष्मकालीन विशेष (सप्ताह में 2 दिन)	सोम, गुरू	05 से 29.08.24 तक
04141 सुबेदारगंज-शहीद कप्तान तुषार महाजन ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	सोमवार	05.08.2024 से 26.08.2024 तक
04142 शहीद कप्तान तुषार महाजन-सुबेदारगंज ग्रीष्मकालीन विशेष (साप्ताहिक)	मंगलवार	06.08.2024 से 27.08.2024 तक
04137 ग्वालियर-बरौनी जं. ग्रीष्मकालीन विशेष (सप्ताह में 2 दिन)	रवि, बुध	04 से 28.08.24 तक
04138 बरौनी जं.-ग्वालियर ग्रीष्मकालीन विशेष (सप्ताह में 2 दिन)	सोम, गुरू	05 से 29.08.24 तक

गाड़ी सं.	से	प्रस्थान	तक	आगमन	चलने के दिन	विस्तारित अवधि
09523	ओखा	10:00	दिल्ली कैंट	09:40	मंगलवार	31.12.2024 तक
09524	दिल्ली कैंट	13:40	ओखा	13:50	बुधवार	01.01.2025 तक

नोटः शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें | रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

आज़ादी का अमृत महोत्सव | पर हमें फॉलो करें | उत्तर रेलवे आपकी सुविधा-हमारा ध्येय | 2339/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ | हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

खास खबर

गोदरेज प्रॉपर्टीज ने इंदौर में 46 एकड़ जमीन खरीदी

नई दिल्ली। गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने इंदौर में 46 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इस भूमि पर विकास कार्य में मुख्य रूप से ह्यप्लॉटेडह्न आवासीय इकाइयां शामिल की जाएंगी। गोदरेज प्रॉपर्टीज के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने बताया कि इस अधिग्रहण के साथ कंपनी ने मध्य प्रदेश के इंदौर में प्रवेश किया है। उन्होंने कहा कि आवासीय ह्यप्लॉटेडह्न विकास ने हाल के वर्षों में महत्वपूर्ण गति पकड़ी है। इंदौर-उज्जैन रोड इस क्षेत्र में हमारी उपस्थिति का विस्तार करने के लिए एक आशाजनक बाजार है। गोदरेज प्रॉपर्टीज देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक है। दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र, पुणे और बेंगलुरु बाजारों में इसकी अच्छी खासी मौजूदगी है।

एलटीसीजी कर से सरकार के खजाने में आए 98,681 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। मोदी सरकार ने राज्यसभा को बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 में सूचीबद्ध इक्विटी पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) से 98,681 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जो बीते वर्ष की तुलना में 15 प्रतिशत की वृद्धि है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में वित्त वर्ष 2018-19 और 2022-23 के बीच दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ (एलटीसीजी) कर से संग्रह का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि इक्विटी और इक्विटी ओरिएंटेड म्यूचुअल फंड की इकाइयों पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ अप्रैल 2018 से लाया गया था। इस तरह के लाभ पर 10 प्रतिशत कर लगाया गया था, जिसमें सालाना एक लाख रुपये तक के लाभ को छूट दी गई थी।

येज्दी ने लॉन्च की अपडेटेड एडवेंचर बाइक

नई दिल्ली। येज्दी बाइक ने अपडेटेड एडवेंचर लॉन्च किया है। इसकी कीमत 2.10 लाख रुपए से शुरू होकर 2.20 लाख तक जाती है। कंपनी ने इस बाइक में कई बदलाव किए हैं। येज्दी अपडेटेड मॉडल में 29 .6एचपी और 29 .8एनएम टॉर्क दिया है। इसमें भारी टैंक को हटा दिया है। न्यू येज्दी बाइक की रेल ईंधन टैंक के दोनों ओर होती है। बाइक का वजन 187 किलोग्राम है, जो पहले से 11 किलोग्राम कम है। येज्दी एडवेंचर में चार कलर ऑप्शन- टॉरनेडो ब्लैक जिसकी कीत 2.10 लाख, मैग्नाइट मैरून 2.13 लाख, वुल्फ ग्रे 2.16 लाख और ग्लेशियर व्हाइट 2.20 लाख रुपए में बाजार में उपलब्ध होगी। टॉरनेडो ब्लैक को छोड़कर, अन्य रंग डुअल-टोन ऑप्शन में दिए गए हैं।

ग्रेटर नोएडा में वीवो नए प्लांट में शुरू करेगी उत्पादन

नई दिल्ली। चीन की स्मार्टफोन बनाने वाली कंपनी वीवो ने इस साल अच्छी शुरुआत के बाद भारत में व्यापार करने पर भरोसा जताया है। कंपनी ग्रेटर नोएडा में अपने नए प्लांट में जल्द उत्पादन शुरू करेगी। नया प्लांट करीब 169 एकड़ में फैला है और वर्तमान में इसकी सालाना उत्पादन क्षमता 60 मिलियन यूनिट है। वीवो ने मंगलवार को लॉन्च की अपनी वार्षिक रिपोर्ट 2023 में कहा कि पूरी तरह से चालू होने पर इस क्षमता को दोगुना कर 120 मिलियन यूनिट किया जाएगा। वीवो कंपनी ने यह नहीं बताया कि वह कब तक प्लांट की क्षमता बढ़ाने की योजना बना रही है।

मुंबई में 60 रुपये प्रति किलो के भाव से टमाटर बेच रही सरकार

मुंबई/नई दिल्ली। सरकार ने दिल्ली-एनसीआर के बाद अब मुंबई में भी 60 रुपये प्रति किलोग्राम के दाम पर टमाटर बेचना शुरू किया है। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) ने बुधवार से ही रियायती दरों पर टमाटर बेचना शुरू कर दिया है। भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड ने ह्यएक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि मुंबई में चार जगहों पर उपभोक्ताओं को 60 रुपये प्रति किलोग्राम के दर पर टमाटर उपलब्ध कराया जा रहा है। इन जगहों में एनसीसीएफ ऑफिस, सिऑन सर्कल, वर्ली नाका, और अशोकवन बोरीवली ईस्ट शामिल है।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का मार्केट कैप 5 .5 ट्रिलियन डॉलर के पार

भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा शेयर मार्केट

- भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण पांच ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया
- रिटर्न के साथ भारतीय शेयर बाजार का प्रदर्शन बेहतर रहा है।

एजेंसी

मुंबई। शेयर बाजार में तेजी का ट्रेंड जारी है। लार्जकैप से लेकर छोटे शेयर में भी खरीदारी जारी है। इस कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का कुल मार्केट कैप 462 लाख करोड़ रुपए यानी 5.5 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा हो गया है। इससे पहले 24 मई, 2024 को भारतीय शेयर बाजार का पूंजीकरण पांच ट्रिलियन डॉलर को पार कर गया था। शेयर बाजार का पहली बार बाजार पूंजीकरण 28 मई, 2007 को एक ट्रिलियन डॉलर पार किया था। वहीं, अगले दस सालों बाद 10 जुलाई, 2017 को यह दो ट्रिलियन डॉलर और अगले चार सालों बाद 24 मई, 2021 को तीन ट्रिलियन डॉलर और फिर अगले दो सालों से ज्यादा समय के बाद को 30 नवंबर, 2023 को चार ट्रिलियन और अगले छह महीने में 24 मई, 2024 को पांच ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर गया। दुनिया के शीर्ष पांच शेयर बाजारों में बाजार पूंजीकरण में 2024 की शुरूआत से अब तक 25 फीसदी से ज्यादा रिटर्न के साथ भारतीय शेयर बाजार का प्रदर्शन बेहतर रहा है। जबकि अमेरिकी शेयर बाजार ने 13.50 फीसदी, हांगकांग ने 4.15 फीसदी, जापान ने 4.02 फीसदी और चीन ने माइनस 13.61 फीसदी का रिटर्न दिया है। मौजूदा समय में अमेरिका 57.28 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ दुनिया का सबसे बड़ा शेयर बाजार है। दूसरे नंबर पर 8.24 ट्रिलियन डॉलर के साथ चीन, 6.49 ट्रिलियन डॉलर के साथ जापान और 5.51 ट्रिलियन डॉलर की मार्केट कैप के साथ भारत विश्व का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार है। पांचवें स्थान पर हांगकांग का शेयर बाजार आता है, जिसका मार्केट कैप 4.92 ट्रिलियन डॉलर है। भारतीय शेयर बाजार में तेजी का कारण अर्थव्यवस्था का मजबूत होना है। 2023-24 में जीडीपी 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी और आम बजट 2024-25 से पहले पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में जीडीपी साता फीसदी की दर से बढ़ सकती है।

मेटा 1.4 बिलियन डॉलर का टेक्सास को करेगा भुगतान



एजेंसी

नई दिल्ली। मेटा ने टेक्सास द्वारा दायर केस के निपटारे के लिए 1.4 बिलियन डॉलर का भुगतान करने पर सहमति जताई है। टेक्सास के अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन ने इसकी जानकारी दी। 2022 में पैक्सटन द्वारा दायर इस मुकदमे में मेटा पर आरोप लगाया गया था कि उसने टेक्सास के लाखों नागरिकों के बायोमेट्रिक डेटा को बिना कानूनी इजाजत के कैप्चर कर उसका इस्तेमाल किया। यह डेटा फेसबुक पर अपलोड की गई तस्वीरों और वीडियो में शामिल था। टेक्सास ने कहा कि फेसबुक ने ग्राहकों की सहमति के बिना अरबों बायोमेट्रिक पहचानकताओं को संग्रहीत किया है। मेटा के साथ यह समझौता एक ही राज्य द्वारा की गई कार्रवाई के परिणामस्वरूप यह सबसे बड़ा कानूनी समझौता है। पैक्सटन ने कहा कि यह ऐतिहासिक समझौता दिखाता है कि हम दुनिया की सबसे बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के सामने खड़े होने और उन्हें कानून तोड़ने और टेक्सस के गोपनीयता अधिकारों का उल्लंघन करने के लिए जवाबदेह ठहराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि टेक्सस के संवेदनशील डेटा का दुरुपयोग के कानून का पूरी ताकत से सामना किया जाएगा। मेटा के प्रवक्ता ने बताया कि हम इस मामले को हल करके खुश हैं और टेक्सास में अपने व्यावसायिक निवेश को बढ़ाने के लिए भविष्य के अवसरों की खोज करने के लिए तत्पर हैं, जिसमें संभावित रूप से डेटा सेंटर विकसित करना भी शामिल है।

अडाणी ग्रुप की एनर्जी सॉल्यूशंस ने जुटाए 8300 करोड़

एजेंसी

नई दिल्ली। अडाणी ग्रुप ने बाजार से करीब एक अरब डॉलर यानी करीब 8373 करोड़ रुपए जुटाए हैं। यह रुपया अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस ने क्वालिफाइड इंस्टीट्शनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के जरिए शेयर बेचकर जुटाए हैं। अडाणी ग्रुप ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद पहली बार सार्वजनिक इक्विटी के जरिये बाजार से फंडिंग की है। इस रिपोर्ट ने अडाणी ग्रुप की कंपनियों की नेटवर्थ को जबरदस्त नुकसान हुआ था। अडाणी एनर्जी का क्यूआईपी मंगलवार को खोला गया था। यह इश्यू तीन गुना सब्सक्राइब हुआ यानी करीब 26 हजार करोड़ रुपए की मांग आई। यह भारत के एनर्जी सेक्टर का सबसे बड़ा ट्रांजेक्शन बन गया है। इस इश्यू का प्राइस 976 रुपए प्रति शेयर रखा था। हालांकि, यह 1,135 रुपए प्रति शेयर पर बंद हुआ। क्यूआईपी का रास्ता वह

लिस्टेड कंपनियां अपनाती हैं, जो बड़े संस्थानों से रुपया जुटाना चाहती हैं। अडाणी एनर्जी के क्यूआईपी के सफल होने के साथ अब अडाणी इंटरप्राइजेज भी करीब 600 करोड़ रुपए बाजार से जुटाने के लिए जुट गई है। यह सफल क्यूआईपी दिखा रहा है कि अडाणी ग्रुप में निवेशकों का भरोसा मजबूत हो रहा है। अडाणी विल्मर इस पैसे का इस्तेमाल खाद्य तेल और सोलर पावर क्षमता बढ़ाने में करेगी। क्यूआईपी अत्यधिक कागजी कार्यवाही के बगैर की गई शेयर बिक्री है। इसमें भी किसी आईपीओ की तरह ही शेयर जारी किए जाते हैं लेकिन इसे हर कोई नहीं खरीद सकता। क्यूआईपी को केवल क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) ही खरीद सकते हैं। ये वे निवेशक होते हैं जिन्हें भारत में सेबी से मान्यता मिली हुई है। ये बाजार के विशेषज्ञ निवेशक होते हैं और बाजार में इनका अहम योगदान होता है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि कंपनी को इसके लिए आईपीओ या एफपीओ की तरह सेबी के पास पेपर फाइल नहीं करने होते हैं। इसमें कागजी कार्यवाही बहुत कम होती है। क्यूआईबी खुद अच्छे इन्वेस्टर्स होते हैं इसलिए कंपनी क्यूआईपी संबंधी सभी दस्तावेज सीधे उन्हीं से साझा कर देती है। इसमें सेबी का हस्तक्षेप कम होता है। क्यूआईबी के पास इतनी क्षमता होती है कि वे हाई रिस्क इन्वेस्टमेंट को समझे और उसमें निवेश कर सकते हैं।

खाते में मिनिमम बैलेंस न होने पर बैंकों ने ग्राहकों से वसूले १,३३१ करोड़

एजेंसी

नई दिल्ली। बैंकों ने लोगों से खाते में मिनिमम बैलेंस न होने पर करोड़ों रुप, वसूले हैं। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को छोड़कर 11 सरकारी बैंकों ने पिछले साल खाताधारकों से 2,331 करोड़ रुपए वसूले। यह पैसे उन लोगों से लिए गया है जिनके खाते में तय रकम से कम पैसे थे। पिछले तीन सालों में इन बैंकों ने इसी वजह से कुल 5614 करोड़ रुपए वसूले हैं। एसबीआई ने हालांकि साल 2020 से ही ये चार्ज लेना बंद कर दिया है। सरकारी बैंकों में पंजाब नेशनल बैंक ने सबसे ज्यादा 633.4 करोड़ रुपए वसूले। बैंक ऑफ बड़ौदा ने

386.51 करोड़ रुपए और इंडियन बैंक ने 369.16 करोड़ रुपए लोगों से वसूले हैं। प्राइवेट बैंकों भी इस तरह के जुमार्ने लगाते हैं, लेकिन उनकी रकम सरकारी बैंकों से ज्यादा होती है। हालांकि, सरकार ने कुछ बेसिक बचत बैंक खातों (बीएसबीडीए) के लिए ये नियम नहीं बनाए हैं। इन खातों में बिना किसी पैसे के भी खाता खुलवाया जा सकता है और आप जितना चाहें उतना पैसा जमा कर सकते हैं। महीने में चार बार आप पैसे निकाल सकते हैं लेकिन बाकी खातों के लिए बैंक अपने नियम बना सकते हैं और ग्राहकों से अलग-अलग तरह की सेवाओं के पैसे ले सकते हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने साल 2014 और 2015 में कुछ नियम बनाए थे जिनके मुताबिक बैंक अपने ग्राहकों से खाते में कम पैसे रखने पर जुमार्ना ले सकते हैं लेकिन ये जुमार्ना तय नियमों के हिसाब से ही होना चाहिए। बैंक अपने ग्राहकों को खाता खोलते समय बताते हैं कि उनके खाते में कम से कम कितने पैसे होने चाहिए।

लोगों को सशक्त बनाने वाली मैजिकल मैंग्रोव मुहिम की घोषणा

रांची/ जमशेदपुर। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का संगठन गोदरेज एंड बॉयस एयरोस्पेस और कंज्यूमर डयूरेबल्स से लेकर एनर्जी एवं स्थायी निर्माण समाधानों के उपभोक्ता और औद्योगिक कारोबार में शामिल है। संगठन ने मैंग्रोव ईकोसिस्टम के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस पर डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया के साथ मिलकर अपने मैजिकल मैंग्रोव मुहिम के पांचवें फेज की घोषणा की है। 2020 में शुरू की गई इस पहल में 190 वालंटियर ने भाग लिया है और इसने 460 से अधिक वेबिनार, ऑन-ग्राउंड पहल और सोशल मीडिया मुहिमों के जरिये 7 राज्यों में 34,630 लोगों को सशक्त बनाया है। यह पहल पर्यावरण की सुरक्षा एवं बॉयोडाइवर्सिटी संरक्षण के प्रति गोदरेज एंड बॉयस की कटिबद्धता को दिखाती है। संगठन 30 से अधिक वर्षों से मुंबई में विक्रोली और ठाणे क्रीक तटरेखा के आसपास स्थित सैकड़ों एकड़ मैंग्रोव का संरक्षण कर रहा है। मैजिकल मैंग्रोव मुहिम ने मैंग्रोव ईकोसिस्टम के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। शैक्षिक वर्कशॉप, इंटरैक्टिव क्विज और नेचर ट्रेल्स की एक सीरीज के जरिये इस पहल ने स्थानीय लोगों को इसमें जोड़ा है और तटीय संरक्षण और बॉयोडाइवर्सिटी सपोर्ट में मैंग्रोव की भूमिका के बारे में जानकारी देकर उनका ज्ञानवर्धन किया है।

डालमिया भारत फाउंडेशन में झाड़ू-निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम

पंच संवाददाता

बोकारो। स्थायी आजीविका को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए, भारत की अग्रणी सीमेंट कंपनी डालमिया भारत लिमिटेड (डीबीएल) की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉसिबिलिटी (सीएसआर) शाखा, डालमिया भारत फाउंडेशन (डीबीएफ) ने आज बोकारो में गोराबली (उत्तर) पंचायत के मंझलाडीह गांव में झाड़ू-निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अपने ग्राम परिवर्तन परियोजना के हिस्से के रूप में, प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय समुदायों को ऐसे कौशल के माध्यम से सशक्त बनाना है जो आय उत्पन्न कर सकें और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे सकें। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 दिनों तक चलेगा और इसका लक्ष्य 30 प्रतिभागियों को इससे लाभान्वित कर, उन्हें स्थायी आय सृजन के लिए मूल्यवान कौशल सिखाना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन गोराबली (उत्तर) के मुखिया बालेशर सिंह राठौड़ की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षण पूरा करने पर, लाभार्थियों के पास कम से कम 6,000 से 7,000 रुपये प्रति माह कमाने का कौशल होगा, जो उनके परिवार की वित्तीय स्थिरता में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

आईओसी के नेट प्रॉफिट में 81 प्रतिशत की बड़ी गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने 30 जून 2024 को वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के अपने नतीजों की घोषणा की। सरकारी तेल कंपनी के नेट प्रॉफिट में 81 प्रतिशत की बड़ी गिरावट देखी गई। रिफाइनिंग मार्जिन में आई कमी और सरकार नियंत्रित दरों पर घरेलू रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) की लागत से कम दाम पर बिक्री की वजह से कंपनी का मुनाफा घटा है। कंपनी ने बताया कि पहली तिमाही वित्तीय साल 25 में उसका स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 81 प्रतिशत कम होकर 2,643.18 करोड़ रुपये रह गया। जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 13,750.44 करोड़ रुपये था। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी ने 11,570.82 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया था। कंपनी ने पहली तिमाही वित्तीय साल 25 में प्रत्येक बैरल कच्चे तेल को ईंधन में बदलने पर 6.39 अमेरिकी डॉलर कमाए। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का सकल रिफाइनिंग मार्जिन 8.34 डॉलर प्रति बैरल था। डाउनस्ट्रीम ईंधन खुदरा कारोबार से कर-पूर्व आय 77 प्रतिशत घटकर 4,299.96 करोड़ रुपये रह गई।

फिजिक्स वाला ने की 250 करोड़ स्कॉलरशिप की घोषणा

रांची/जमशेदपुर फिजिक्स वाला, भारत की अग्रणी शिक्षा कंपनी, एनएसएटी (राष्ट्रीय स्कॉलरशिप सामान्य प्रवेश परीक्षा) 2024 के तीसरे संस्करण के शुभारंभ के साथ शिक्षा की पहुंच को महत्वपूर्ण रूप से बदलने जा रही है। पीडब्लू एनएसएटी सबसे बड़ा स्कॉलरशिप परीक्षा है। इस पहल का उद्देश्य नीट-और परीक्षाओं में स्कॉलरशिप हासिल करने की इच्छा रखने वाले छात्रों को श्रेष्ठ शिक्षा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन प्रदान करना है, भले ही उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो। एनएसएटी 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन अब खुल गया है, जिसमें देशभर के छात्रों को इन प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने का मौका दिया गया है।परीक्षा 1 से 15 अक्टूबर तक ऑनलाइन और 6 और 13 अक्टूबर को ऑफलाइन - 2024 में चयनित केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों विकल्प उपलब्ध हैं, जो सभी छात्रों के लिए सुलभ हैं। यह कार्यक्रम कक्षा श्कसे क्क तक के छात्रों के लिए खुला है, जिसमें समूह शामिल हैं, जिससे यह व्यापक रूप से समावेशी है। महत्वपूर्ण रूप से, परीक्षा रजिस्ट्रेशन निशुल्क है। परिणाम नवंबर 2024 में घोषित किए जाएंगे। इन परीक्षाओं में स्कॉलरशिप हासिल करने वाले शीर्ष 1000 छात्रों को 100% स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी, जिसमें आवास भी शामिल है। इनमें से, शीर्ष 500 आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इससे सुनिश्चित होता है कि वित्तीय सीमाएं उनकी शैक्षिक स्कॉलरशिप के मार्ग में बाधा न डालें, उन्हें सुरक्षा और राहत प्रदान करती हैं।

मारुति सुजुकी का मुनाफा उछलकर 3,650 करोड़ रुपये

एजेंसी

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी वाहन निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। अप्रैल-जून में एमएसआई का मुनाफा 47 फीसदी उछलकर 3,650 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 2,485 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। एमएसआई ने बुधवार को शेयर बाजार को बताया कि लागत में कटौती के

प्रयासों, अनुकूल जिंस कीमतों तथा विदेशी मुद्रा विनिमय लाभ की वजह से उसके मुनाफे में बढ़ोतरी दर्ज हुई है। अप्रैल-जून तिमाही के दौरान एमएसआई का मुनाफा 47 फीसदी उछलकर 3,650 करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी ने 2,485 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। अप्रैल-जून तिमाही के दौरान उसकी शुद्ध बिक्री बढ़कर 33,875 करोड़ रुपये हो गई, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 30,845 करोड़ रुपये रही थी। एमएसआई के मुताबिक पहली तिमाही में कंपनी ने 5,21,868 वाहन बेचे, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 5 फीसदी अधिक है। इसी तरह पहली तिमाही में कंपनी की घरेलू बाजार में बिक्री चार फीसदी बढ़कर 4,51,308 इकाई रही। चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी का निर्यात 12 फीसदी बढ़कर 70,560 इकाई रहा है।

चीनी निवेश पर सरकार के रुख में बदलाव नहीं : पीयूष गोयल

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि चीन के निवेश को अनुमति देने के संबंध में केंद्र सरकार के रुख में कोई बदलाव नहीं है और आर्थिक सर्वेक्षण में व्यक्त विचार सरकार के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। लोकसभा में मंगलवार को पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार चीनी निवेश की जांच करती है और इस संबंध में उसका रुख नहीं बदला है। प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने आरोप लगाया था कि भारत चीन पर निर्भर हो गया है। उन्होंने आर्थिक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए कहा कि इसमें पड़ोसी देश से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्राप्त करने का

समर्थन किया गया है। गोयल ने इस सवाल पर कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) शासन के तहत भारत पड़ोसी देशों पर निर्भर हो गया था। उनका कहना था कि कांग्रेस के तहत, आयात चार अरब डॉलर से बढ़कर 40-45 अरब डॉलर हो गया, जो कि दस गुना से ज्यादा है। हमारे समय में वृद्धि केवल 2-2.5 गुना है। हमने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कदम उठाए हैं। गोयल ने कहा कि मैं संप्रग पर सीधा आरोप लगा रहा हूं। उनका नाम बदल गया है, यह अब इंडी गठबंधन है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि हमें नहीं पता कि चीन के साथ वह एमओयू क्या था। संप्रग के तहत व्यापार घाटा 30 गुना बढ़ गया था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया गया है कि बीजेपी के नेतृत्व वाले राजग ने चीन और उसके निवेश को भी नियंत्रित कर लिया है। आर्थिक सर्वेक्षण का जिक्र करते हुए गोयल ने कहा कि जहां तक मुख्य आर्थिक सलाहकार का सवाल है, वह एक स्वतंत्र, स्वायत्त रिपोर्ट लाते हैं। यह उनकी सोच है, भारत सरकार ने फिलहाल अपना रुख नहीं बदला है। उनके मुताबिक चीन से जो निवेश आता है, उसकी जांच की जाती है, जहां हमें उचित नहीं लगता, वहां रोक दिया जाता है। हमारी नीति वही रहेगी। मुख्य आर्थिक सलाहकार ने एक सलाह दी है। बजट से पहले आए आर्थिक सर्वेक्षण में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बाजार का फायदा उठाने के मकसद से बीजिंग से एफडीआई की जरूरत पर जोर दिया गया था। सर्वेक्षण में कहा गया था कि चूंकि अमेरिका और यूरोप अपनी तत्काल सोर्सिंगचीन से दूर कर रहे हैं, इसलिए यह अधिक प्रभावी होगा कि चीनी कंपनियां भारत में निवेश करें और पड़ोसी देश से आयात करने के बजाय इन बाजारों में उत्पादों का निर्यात करें।

ब्रोकरेज फर्म यूबीएस ने निवेशकों को किया सावधान

एजेंसी

नई दिल्ली। ब्रोकरेज हाउस और जानकारों की राय पर आंख बंदकर शेयरों व आईपीओ में पैसा लगाने वाले लोगों के लिए आंखें खोलने वाली खबर आई है। दिग्गज ब्रोकरेज फर्म व जानकारों के नाम पर कुछ ठग निवेशकों को चूना लगा रहे हैं। इन नक्कालों ने इंटरनेशन ब्रोकरेज फर्म यूबीएस को भी नहीं छोड़ा। इसके बाद यूबीएस सिक्योरिटीज ने इस बारे में निवेशकों को आगाह किया है। यूबीएस ने कहा, हमें पता चला है कि कुछ अज्ञात और गैर अधिकृत लोग, हमारे ब्रांड, लोगों और कर्मचारियों का नाम व तस्वीर लगाकर फर्जी तरीके से काम कर रहे हैं। यूबीएस ने कहा कि ये नक्काल लोग शेयरों व आईपीओ में कम समय में हाई रिटर्न देने का वादा करके निवेशकों को गुमराह कर रहे हैं। यूबीएस सिक्योरिटीज इंडिया, एक लिस्टेड संस्था है और ट्रेडिंग से जुड़े इसतरह के काम नहीं करती है। ब्रोकरेज फर्म ने बताया कि वह सिर्फ संस्थागत निवेशकों के लिए ट्रेड करती है। यूबीएस ने निवेशकों को सतर्क कर कहा कि उसके नाम से आने वाले मैसेज और कॉल को लेकर सावधान रहें। अगर कोई व्यक्ति इन फर्जी कॉल और स्टॉक टिप्स का शिकार होता है, तब ब्रोकरेज फर्म उसके लिए जिम्मेदार नहीं होगी। ब्रोकरेज हाउस ने कहा कि अगर आपके ध्यान में इस तरह की गतिविधि आती है, तब तुरंत पुलिस और साइबर सेल को सूचित करें।

भारतीय ने सुपर ओवर में श्रीलंका को हराकर 3-0 से जीती सीरीज

एजेंसी

पल्लेकल । भारतीय क्रिकेट टीम ने यहां मेजबान श्रीलंका को सीरीज के तीसरे और अंतिम टी20 मुकाबले में हराकर तीन मैचों की सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप किया है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी और गौतम गंभीर के कोच बनने के बाद भारतीय टीम ने ये पहली सीरीज जीती है। तीसरा और अंतिम टी20 बेहद रोमांचक रहा और टाई होने के बाद इसमें सुपर ओवर में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की। भारतीय टीम को सुपर ओवर में जीत के लिए 3 रन का लक्ष्य मिला और सूर्यकुमार ने चौका

लगाकर इसमें भारतीय टीम को जीत दिला दी। वहीं सुपर ओवर में भारत की ओर से वॉशिंगटन सुंदर ने अच्छी गेंदबाजी की। श्रीलंका की ओर से कामिंडु मेंडिस और कुसल परेरा ने बल्लेबाजी की। पहली गेंद पर ही मेंडिस ने दौड़कर एक रन बना लिया। वहीं दूसरी गेंद पर कुसल परेरा शून्य पर ही आउट हो गये। परेरा के आउट होने के बाद पथुम निसंका आए और उन्हें भी सुंदर ने अगली गेंद पर आउट कर दिया। इस प्रकार भारतीय टीम को जीत के लिए 3 रनों का लक्ष्य मिला। जिसे उसने एक ही गेंद पर हासिल कर लिया। इससे पहले 138 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम ने 20 ओवर में ही 8 विकेट पर 137 रन बनाकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। पथुम निसंका और कुसल मेंडिस की शुरूआती जोड़ी ने श्रीलंका अच्छी शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 58 रन बनाये। निसंका 27 गेंदों पर 26 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें स्पिनर रवि बिश्नोई ने आउट किया। कुसल मेंडिस 43 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें बिश्नोई ने पेवेलियन भेजा। वानिंदु हसरंगा 3 रन बनाकर आउट हुए। लंकाई कप्तान चरित असलंका एक भी रन नहीं बना पाये। कुसल परेरा 46 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। रिंकू सिंह ने रमेश मेंडिस को आउट किया। सूर्या ने कामिंडु मेंडिस को आउट कर टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने विकेटों का खाता खोला. सूर्या ने अपनी दूसरी गेंद पर महीश तीक्ष्णा का विकेट लिया।

पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में पहुंची भारतीय हॉकी टीम

एजेंसी

पेरिस । भारतीय हॉकी टीम का प्रदर्शन इस बार पेरिस ओलंपिक में शानदार रहा है और उसने अपने तीन मैचों में से दो जीते हैं जबकि एक बराबरी पर रहा। इस प्रकार भारतीय टीम ग्रुप बी से दो मैच शेष रहते ही क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गयी है। भारत के अलावा बेल्जियम की टीम भी ग्रुप बी से क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। भारत के ग्रुप में बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड और आयरलैंड की टीमें हैं। भारत के अब 3 मैच से 7 अंक हैं। भारत ने आयरलैंड को 2-0 हराकर 3 अंक हासिल किए। इससे वह 7 अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गयी है। वहीं आयरलैंड और न्यूजीलैंड अब अधिकतम 6 अंक हासिल कर सकते हैं। पेरिस ओलंपिक के हॉकी इवेंट में दो ग्रुप हैं. हर ग्रुप में 6-6 टीमें हैं. इनमें से 4-4 टीमें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी। अगर ग्रुप बी को देखें तो आयरलैंड और न्यूजीलैंड तभी क्वार्टर फाइनल में पहुंच सकते हैं, जब वे अपने दोनों मैच जीतें और ऑस्ट्रेलिया और अर्जेंटीना अपने मैच हार जाएं। अभी तक की स्थिति यह है कि ग्रुप बी से बेल्जियम और भारत क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये हैं। वहीं बाकी दो जगह के लिए ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना रेस आगे हैं। ऑस्ट्रेलिया के 6 जबकि अर्जेंटीना के 4 अंक हैं। वहीं बेल्जियम 9 अंक के साथ ग्रुप में शीर्ष पर है।

खास खबर

ओलंपिक पदक तालिका में नंबर एक पर है जापान

पेरिस । पेरिस ओलंपिक में जापान पहले स्थान पर चल रहा है जबकि चीन दूसरे स्थान पर है। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया पहुंच गया है। मेजबान फ्रांस चौथे नंबर पर खिसक गया है। दक्षिण कोरिया पांचवें जबकि भारत दो कांस्य के साथ ही अब तक 33वें स्थान पर है। जापान ने अब तक 7 स्वर्ण , 2 रजत और 4 कांस्य के साथ ही कुल 13 पदक जीते हैं। वहीं चीन के 6 स्वर्ण इतने ही रजत ओर दो कांस्य के साथ ही कुल 14 पदक हैं। ऑस्ट्रेलिया के 6 स्वर्ण, 4 रजत ओर एक कांस्य के साथ ही 11 पदक है। वहीं मेजबान फ्रांस के 5 स्वर्ण , 9 सिल्वर और 4 कांस्य के साथ ही कुल 18 पदक हैं। वहीं भारत अपने पहले कांस्य के बाद 26 जबकि दूसरे के बाद 33वें स्थान पर फिसल गया है।

सूर्या ने रिंकू और रियान को सौंपी ट्रॉफी

पल्लेकल । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने श्रीलंका दौरे में मिली जीत पर खुशी जताते हुए इसका श्रेय टीम को दिया है। भारतीय टीम ने तीन मैचों की टी20 सीरीज में मेजबान टीम के खिलाफ 3-0 से जीत हासिल की है। सीरीज में मिली जीत के बाद भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अच्छे प्रदर्शन के लिए रियान पराग और रिंकू सिंह को ट्रॉफी सौंपी। इन दोनों ने सीरीज में अच्छी गेंदबाजी की थी। भारतीय टीम ने अंतिम मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 137 रन बनाए थे। इसके बाद श्रीलंकाई टीम ने भी 20 ओवर में 8 विकेट पर इतने ही रन बनाकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। इसके बाद मुकाबला सुपर ओवर में पहुंचा जहां गेंदबाजी वाशिंगटन सुंदर की दी और मेजबान टीम के कुसल परेरा और पथुम निशंका को उन्होंने कुल दो रनों पर ही पेवेलियन भेज दिया। जिससे भारतीय टीम को जीत के लिए केवल 3 रन का लक्ष्य ही मिला। ऐसे में श्रीलंका पर जीत 3-0 की शानदार जीत के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ट्रॉफी रियान पराग और रिंकू सिंह को दे दी।

पंघाल सहित तीन भारतीय मुक्केबाज हारे

पेरिस । पेरिस ओलंपिक में अब तक भारतीय मुक्केबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है और उसके तीनों मुक्केबाज हार के साथ ही बाहर हो गये हैं। पहले पुरुष वर्ग में अनुभवी अमित पंघाल हारे। इसके बाद महिला मुक्केबाज जैस्मीन लम्बोरिया और प्रीति पवार को भी प्री क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। प्रीति महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल में हार के साथ ही बाहर हो गयी। प्रीति को कोलंबिया की येनी मासेर्ला एरियास ने 2-3 से हराया। वहीं पंघाल पुरुष 51 किग्रा वर्ग में अपना पहला ही मैच हार गए। पंघाल को जाम्बिया के पैट्रिक चिन्येम्बा ने1-4 से हराया। इसके अलावा पहली बार ओलंपिक में उतरी महिला मुक्केबाज जैस्मीन 57 किग्रा वर्ग में पूर्व विश्व चैंपियन नेस्टी पेटेसियो से 0-5 से हारकर बाहर हो गईं।

सिंधु पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में पहुंची

- एस्टोनिया की कुउबा को 21-5 और 21-10 से हराया

एजेंसी

पेरिस । भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु पेरिस ओलंपिक के महिला एकल बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी हैं। सिंधु ने एस्टोनिया की क्रिस्टिन कुउबा को 21-5 और 21-10 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी। वहीं इससे पहले के मैच में सिंधु ने मालदीव की फथीमथ नब्बाह अब्दुल रज्जाक को आसानी से हराया था। दूसरे मुकाबले में अब सिंधु ने कुउबा को हराया है। सिंधु ने कुउबा के खिलाफ शुरूआत से ही आक्रामक अंदाज में खेला। शुरूआती 5 अंक हासिल करते हुए ही भारतीय खिलाड़ी ने 5-0 की बढ़त हसिल कर ली। सिंधु ने 11-2 की बड़ी बढ़त के साथ ही पहला गेम जीता। 14 मिनट में पहला गेम 21-5 से जीतकर सिंधु ने क्वार्टर फाइनल की ओर कदम बढ़ाये। पहले गेम में मिली हार के बाद कुउबा ने वापसी के प्रयास किये। इस गेम में 7 अंक गंवाने वाली इस खिलाड़ी ने 5 अंक हासिल किए पर अनुभवी सिंधु ने अंत में 15-6 की बढ़त हासिल करते हुए जीत हासिल की। मैच अंक हासिल करने के बाद उन्होंने दो अंक गंवाया लेकिन 21-10 से दूसरा गेम जीतकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। इस प्रकार सिंधु ने ग्रुप एम में जीत से साथ शुरूआम की है। सिंधु ने पहले मुकाबले में फथीमथ को 21-9, 21-6 से हराया था। इस मैच में सिंधु ने महज 27 मिनट में ही जीत हासिल कर ली थी। कुउबा ने भी पहले ग्रुप मुकाबले में फथीमथ के खिलाफ 21झ7 और 21झ9 से मुकाबला जीता था। महिला एकल में 16 ग्रुप में 48 खिलाड़ियों को रखा गया है। हर एक ग्रुप में 3 खिलाड़ी हैं, जिसमें से टॉप पर रहने वाले को नॉकआउट में जाने का मौका मिलेगा।

क्वार्टर फाइनल में पहुंचे लक्ष्य

एजेंसी

पेरिस । भारत के शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल लक्ष्य सेन पेरिस ओलंपिक के पुरुष एकल बैडमिंटन मुकाबले के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये हैं। लक्ष्य ने इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को हराकर राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया। लक्ष्य सेन के साथ जोनाथन को ग्रुप एल में रखा गया है। पहले मैच में उन्होंने केविन कॉर्डन को हराया था जबकि दूसरे मुकाबले मे बेल्जियम के जूलियन कैरेगी को पराजित किया। वहीं जोनाथन के खिलाफ पहले गेम में पिछड़ने के बाद लक्ष्य ने जोरदार वापसी करते हुए 21-18 से बढ़त बनाकर जीत हासिल की। शुरूआती रैली में जोनाथन ने लक्ष्य के खिलाफ 5-1 की बढ़त हासिल कर ली। 4 अंकों से पिछड़ने के बाद लक्ष्य ने जोरदार वापसी की। उन्होंने पिछड़ने के बाद 11-10 की बढ़त हासिल कर ली। मुकाबला 18-18 की बराबरी पर पहुंचा और फिर 3 लगातार अंक हासिल करके लक्ष्य ने 21-18 से पहला गेम जीत लिया। लक्ष्य के खिलाफ दूसरे गेम में जोनाथन ने बढ़त से शुरूआत की पर एक बार फिर से लक्ष्य ने अच्छी वापसी करते हुए 10-5 की बढ़त हासिल कर ली। 5 अंकों से आगे निकल चुके लक्ष्य ने स्कोर 13-9 पर पहुंचाया।

पेरिस ओलंपिक में पदक जीतकर पिता के सपने को पूरा करना चाहती है किरण

एजेंसी

पेरिस । हरियाणा के खिलाड़ियों का खेलों में दबदबा साफ नजर आ रहा है मनु भाकर और सरबजोत सिंह के बाद बाद हरियाणा के सोनीपत की किरण पहल से पेरिस ओलंपिक की 400 मीटर रेस में पदक की उम्मीदें हैं। यदि किरण जीत हासिल करती है तो वह ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट होगी।

किरण की ओलंपिक तक की यात्रा काफी कठिन रही है। पिता ओमप्रकाश ने जब अपनी बेटी को खेल के मैदान में भेजा, तो गांववालों ने ताना मारा, लेकिन किरण ने अपनी मेहनत से सबको जवाब दिया। अब किरण पदक जीतकर अपने पिता के सपने को पूरा करना चाहती है। शुरूआत में लोग किरण के बाहर जाने पर सवाल उठाते थे, लेकिन आज हर कोई उसकी सफलता पर गर्व महसूस करता है। किरण के पेरिस ओलंपिक के चयन की खबर उन्हें टीवी से मिली, लेकिन अब पूरे परिवार को खुशी है कि वह अपने पिता का सपना पूरा कर रही है।

महिला मुक्केबाज प्रीति पवार हारीं

पेरिस । भारतीय महिला मुक्केबाज प्रीति पवार हार के साथ ही पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गयी हैं। प्रीति को महिलाओं के 54 किग्रा प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कोलंबिया की येनी मासेर्ला एरियास ने हराया। इस मुकाबले में उन्हें 2-3 के विभाजित फैसले से हार का सामना करना पड़ा। वहीं इससे पहले भारत की ही एक अन्य महिला मुक्केबाज जैस्मीन 57 किग्रा वर्ग में हारकर बाहर हो गये थे। जैस्मीन को फिलीपींस की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन नेस्टी पेटेसियो ने 0-5 से हराया वहीं पुरुष वर्ग में अमि पंघाल को 51 किग्रा वर्ग में जाम्बिया के पैट्रिक चिन्येम्बा ने 1-4 से हराया।

एकदिनी श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा अफगानिस्तान

एजेंसी

जोहानसबर्ग। अफगानिस्तान 18 से 22 सितंबर तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका की मेजबानी करेगा। यह एकदिवसीय श्रृंखला दोनों पक्षों के बीच पहली द्विपक्षीय श्रृंखला है, जिसके तीनों मैच 18, 20 और 22 सितंबर को शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे। दक्षिण अफ्रीका ने 2019 और 2023 में पिछले दो आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के दौरान एकदिवसीय क्रिकेट में दो मौकों पर अफगानिस्तान का सामना किया है। यह श्रृंखला पिछले महीने त्रिनिदाद और टोबैगो में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को हराने के बाद से उनका पहला मुकाबला होगा। सीएसए के चेयरमैन लॉसन नायडू ने बुधवार को एसीबी के साथ जारी एक संयुक्त बयान में कहा, ₹हम अफगानिस्तान के साथ इस ऐतिहासिक एकदिवसीय श्रृंखला को शुरू करने के लिए उत्साहित हैं, जो आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 और हाल ही में आईसीसी पुरुष टी 20 विश्व कप 2024 में उनके हालिया प्रदर्शन से स्पष्ट रूप से एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी ऑल-राउंड टीम बन गई है। यह हमारे क्रिकेट संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है और हम एक प्रतिस्पर्धी और मनोरंजक श्रृंखला की आशा करते हैं। एसीबी के चेयरमैन मीरवाइज अशरफ ने कहा, ₹शुरू में ये मैच हमारे एफटीपी का हिस्सा नहीं थे। फिर भी, क्रिकेट साउथ अफ्रीका में अपने समकक्षों के साथ हमारी उत्पादक बातचीत के आधार पर, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि हम सितंबर में एकदिवसीय श्रृंखला के लिए प्रोटियाज की मेजबानी करेंगे। वे एक बेहतरीन टीम हैं, और हम भविष्य में उनकी मेजबानी करने और उनके साथ नियमित रूप से खेलने के लिए उत्सुक हैं।

जियान जेंग को हराकर श्रीजा अकुला अंतिम 16 में पहुंचीं

एजेंसी

पेरिस। भारतीय पैडलर श्रीजा अकुला ने बुधवार को पेरिस ओलंपिक में महिला एकल 'राउंड टेबल टेनिस मैच में अपनी सिंगापुर की प्रतिद्वंद्वी जियान जेंग को हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। भारतीय पैडलर ने राउंड ऑफ 32 का मैच 4-2 (9-11, 12-10, 11-4, 11-5, 10-12, 12-10) से जीता। यह मैच बुधवार को साउथ पेरिस एरिना में 51 मिनट तक चला।

पहले दो गेम में जेंग ने चुनौती स्वीकार की और अपनी प्रतिद्वंद्वी पर हावी रहीं। तीसरे और चौथे गेम में श्रीजा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की, जहां जेंग ने वापसी करते हुए पांचवां गेम जीत लिया, वहीं अकुला ने अगला गेम जीतकर मैच अपने नाम किया। अकुला ओलंपिक में राउंड ऑफ 16 में जगह बनाने वाली केवल दूसरी भारतीय टेबल टेनिस एकल खिलाड़ी बनीं।इससे पहले रविवार को श्रीजा अकुला ने महिला एकल स्पर्धा के राउंड ऑफ 64 में स्वीडन की क्रिस्टीना कल्बर्ग पर शानदार जीत के बाद अगले दौर में प्रवेश किया। भारतीय पैडलर ने 11-4, 11-9, 11-7 और 11-8 से जीत हासिल की। वहीं, भारत की एक अन्य पैडलर मनिका बत्रा ने चल रहे पेरिस ओलंपिक के टेबल टेनिस महिला एकल के राउंड ऑफ 32 मैच में फ्रांस की पृथिका पावड़े को हराया। टेबल टेनिस महिला एकल के राउंड ऑफ 32 मैच में बत्रा ने अपनी फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी को 4-0 (11-9, 11-6, 11-9, 11-7) से हराया।

वर्ल्ड मास्टर्स टी20 लीग में शामिल होंगी 6 टीमें

एजेंसी

जोहांसबर्ग । यहां अगले माह अगस्त में होने वाली वर्ल्ड मास्टर्स टी20 लीग 2024 के लिए पूर्व क्रिकेटर जोंटी रोड्स को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। दक्षिण अफ्रीका के किंग्समीड स्टेडियम में होने वाली इस लीग में कुल 6 टीमें इंद्रप्रस्थ वॉरियर्स, गल्फ सुपरस्टार्स, सिडनी स्पार्टन्स, कोलंबो टाइटन्स, लाहौर लायंस और कैरेबियन पाइरेट्स शामिल होंगी। इसमें दक्षिण अफ्रीका , ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान के अलावा भारतीय क्रिकेटर भी भाग लेंगे। वर्ल्ड मास्टर्स लीग का ब्रांड एंबेसडर बनने पर रोड्स ने खुशी जताते हुए कहा कि यह टूनामेंट दुनिया भर की बेहतरीन क्रिकेट प्रतिभाओं को एक मंच पर लाने का काम कर रहा है, ऐसे में इसका हिस्सा होना मेरे लिए बेहद सम्मान की बात है। साथ ही कहा कि बेहतरीन खिलाड़ियों से सजे इस टूनामेंट का प्रचार करने के लिए मैं पूरी तरह से तैयार हूं। रोड्स ने साल 1992 से 2003 तक दक्षिण अफ्रीका की तरफ से 52 टेस्ट और 245 एकदिवसीय मैच खेले हैं। टेस्ट में 35.66 और एकदिवसीय में उनके नाम 35.11 के बल्लेबाजी औसत के साथ ही 8,000 से अधिक रन हैं। रोड्स को ब्रांड एंबेसडर बनाने के बाद लीग के सीईओ राजीव मिश्रा ने कहा कि हमें यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि रोड्स इस लीग के ब्रांड एंबेसडर होंगे। इस लीग में दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज हर्शल गिब्स भी नजर आयेंगे। लीग में भारत से पूर्व तेज गेंदबाज मुनाफ पटेल, पाकिस्तान के शोएब मलिक और श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर एंजेलो परेरा और धामिका प्रसाद भी उतरेंगे।

50 मीटर 3 पोजीशन निशानेबाजी के फाइनल में पहुंचे स्वप्निल

एजेंसी

पेरिस। भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने बुधवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर 3पी के क्वालीफिकेशन राउंड में सातवें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया।

भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर और स्वप्निल कुसाले दोनों पेरिस 2024 ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर 3पी क्वालीफिकेशन राउंड में शामिल हुए। अपने ओलंपिक पदार्पण पर, कुसाले 590-38७ के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहे। जबकि, तोमर 589-33७ के कुल स्कोर के साथ 11वें स्थान पर रहे। केवल शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई कर पाए हैं और तोमर फाइनल राउंड में अपनी जगह बनाने में असफल रहे। पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के लियू युकुन ने कुल 594-38७ के साथ ओलंपिक क्वालीफिकेशन रिकॉर्ड दर्ज किया। फाइनल इवेंट गुरुवार को दोपहर 1 बजे होगा। इससे पहले ग्रीष्मकालीन खेलों में भाकर ने महिलाओं की व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। मनु-सरबजोत ने कांस्य पदक के प्ले-ऑफ मैच में दक्षिण कोरिया की ली वोनहो और ओह ये जिन को 16-10 से हराया। इस पदक के साथ ही पेरिस ओलंपिक में भारत के पदकों की संख्या दो हो गई है।

भाकर और सरबजोत दोनों ने कोरियाई खिलाड़ियों के खिलाफ सीरीज में लगातार 10 अंक बनाए। मनु-सरबजोत ने कुल 580-20७ अंक हासिल कर तीसरा स्थान हासिल किया। मनु की अपने तीसरे ओलंपिक पदक की तलाश 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भाग लेने से शुरू होगी।इससे पहले रविवार को 22 वर्षीय भाकर ओलंपिक में निशानेबाजी में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। भाकर ने 10 मीटर महिला एयर पिस्टल स्पर्धा में 221.7 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीतकर मौजूदा मेगा इवेंट में भारत को पहला पदक दिलाया। टोक्यो ओलंपिक में अपनी पिस्तौल की खराबी के बाद मनु के लिए यह एक तरह से मुक्ति का मौका था।2004 में सुमा शिरुर के बाद ओलंपिक की व्यक्तिगत स्पर्धा में शूटिंग के फाइनल में पहुंचने वाली 20 साल में पहली भारतीय महिला बनकर उन्होंने इतिहास रच दिया। दक्षिण कोरिया की ये जिन ने 243.2 अंकों के ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनकी हमवतन किम येजी ने 241.3 अंकों के साथ रजत पदक जीता।

पेरिस में फराड पेवेड फिनिश लाइन पार करने के बाद उत्साहित होते हुए।

धरती का स्वर्ग कश्मीर



श्रीनगर के बहाने आप भारत के सबसे खूबसूरत राज्य जम्मू और कश्मीर में घूम सकते हैं। यहां जहां अमरनाथ, वैष्णोदेवी की गुफा है तो दूसरी ओर बर्फ से ढंगे खूबसूरत पहाड़, झील और लंबे-लंबे देवतार के वृक्ष। जम्मू-कश्मीर में जाएं तो जम्मू और श्रीनगर जरूर जाएं।

कश्मीर घाटी में बसा श्रीनगर भारत के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है और खासकर हनीमून के लिए तो ये हमेशा से आइडियल डेस्टिनेशन रहा है। 1700 मीटर ऊंचाई पर बसा ये शहर विशेष तौर पर झीलों और हाउस बोट के लिए जाना जाता है। कमल के फूलों से सुसज्जित डल झील पर कई खूबसूरत नावों पर तैरते घर हैं जिन्हें हाउस बोट कहा जाता है।

अगर आपको भीड़-भाड़ से दूर एकदम शांत वातावरण में किसी हाउस बोट में रहने की इच्छा है तो आप नागिन लेक या झेलम नदी पर खडे हाउस बोट में ठहर सकते हैं। नागिन झील भी कश्मीर की सुंदर और छोटी-सी झील है। आमतौर पर यहां विदेशी सैलानी ही ठहरना पसंद करते हैं।

खूबसूरत झील के बाद बात आती है आकर्षक बाग-बगीचों की। यहां मौजूद मुगल गार्डन इतने बेहतरीन और सुनियोजित ढंग से तैयार किया गया है कि मुगलों का उद्यान-प्रेम इनकी खूबसूरती के रूप में यहां आज भी झलकता है। इसके अलावा शालीमार बाग, निशात बाग जैसे कई महत्वपूर्ण उद्यानों को देखे बिना श्रीनगर का सफर अधूरा-सा लगता है। इन उद्यानों में चिनार के पेड़ों के अलावा और भी छायादार वृक्ष हैं। रंग-बिरंगे फूलों की तो इनमें भरमार रहती है। इन उद्यानों के बीच बनाए गए झरनों से बहता पानी भी बेहद आकर्षक लगता है।



मनाली प्रकृति का अद्भूत नजारा

मनाली भारत के हिमाचल प्रदेश प्रान्त का एक शहर है। मनाली कुल्लु घाटी के उत्तर में स्थित हिमाचल प्रदेश का लोकप्रिय हिल स्टेशन है। समुद्र तल से 2050 मीटर की ऊंचाई पर स्थित मनाली व्यास नदी के किनारे बसा है। गर्मियों से निजात पाने के लिए इस हिल स्टेशन पर हजारों की तादाद में सैलानी आते हैं। सर्दियों में यहां का तापमान शून्य डिग्री से नीचे पहुंच जाता है। आप यहां के खूबसूरत प्राकृतिक दृश्यों के अलावा मनाली में हाइकिंग, पैराग्लाइडिंग, राफ्टिंग, ट्रैकिंग, कायकिंग जैसे खेलों का भी आनंद उठा सकते है। यहां के जंगली फूलों और सेब के बगीचों से छनकर आती सुगंधित हवाएं दिलो दिमाग को ताजगी से भर देती हैं।

अर्जुन गुफा

इस गुफा को देखने के लिए देशभर से सैलानी यहां आते हैं। यह गुफा पिरनी गांव में है। मान्यता है कि महाभारत काल में अर्जुन ने यहां ठहर करके पशुपति अस्त्र हासिल किया था।

नेहरू कुंड

रोहतांग मार्ग पर बना यह सुन्दर प्राकृतिक झरना मनाली से महज 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जहां सुबह-शाम सैलानियों का जमावड़ा रहता है।

सोलंग घाटी

सोलंग घाटी मनाली से 13 किलोमीटर की दूरी पर है। यहां बर्फ व ग्लेशियरों के अद्भुत नजारे देखने को मिलते हैं। स्कीइंग के लिए मशहूर यहां की ढलानों पर सैलानी इस खेल का खूब आनन्द लेते हैं।

आसपास के दर्शनीय स्थल

मनाली से कुछ दूरी पर है कुल्लू घाटी। यहां कलकल करती नदियां, पहाडियों से गिरते झरने, देवदार के घने वृक्ष कुल्लू घाटी के प्राकृतिक सौन्दर्य को बयां करते हैं। कुल्लू में ढेर सारे दर्शनीय स्थल हैं, जिनमें प्रमुख हैं मणिकर्ण। यहां कुदरती गर्म पानी के चश्मे (झरने) हैं। मणिकर्ण की दूरी कुल्लू से 40 किलोमीटर है। मणिकर्ण से 30 किलोमीटर आगे बर्फ से ढका ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क है, जिसमें कलरव करते रंग-बिरंगे पक्षी, कस्तूरी मृग, तेंदुए तथा तीतर भी देखे जा सकते हैं। इसके अलावा व्यास नदी के किनारे फलों के बागों की खूबसूरती देखते ही बनती है। 'कुल्लू' का दशहरा भी विश्व प्रसिद्ध है। यह त्योहार दशहरे के बाद शुरू होता है और करीब पन्द्रह दिन तक चलता है।

ऐसे पहुंचे

सड़क मार्ग

कुल्लू मनाली, दिल्ली से 600 किलोमीटर की दूरी पर है। यह शिमला से सीधे सड़क मार्ग से जुड़ा है। दिल्ली, शिमला व चंडीगढ़ से मनाली के लिए हिमाचल परिवहन निगम की बसें उपलब्ध हैं। साधारण किराया 480 रुपए, डीलक्स बस का किराया 850 रुपए है।

रेल मार्ग

यहां के लिए सीधी रेल सुविधा उपलब्ध नहीं है। निकटतम रेलवे स्टेशन चंडीगढ़ है। चंडीगढ़ से मनाली 260 किलोमीटर दूर है। आप शिमला होते हुए मनाली पहुंच सकते हैं। पिंजौर तक रेल द्वारा जाया जा सकता है। दिल्ली से कालका का किराया 150 रुपए है।

वायु मार्ग

कुल्लू मनाली वायु मार्ग द्वारा भी जाया जा सकता है। यहां का निकटतम हवाई अड्डा भुयंक है, जो मनाली से 50 किलोमीटर दूरी पर है। हवाई जहाज का किराया लगभग 6000 रुपए है।

हिडिम्बा मंदिर

लकड़ी से बना हिडिम्बा मन्दिर मनाली का मुख्य आकर्षण है। चार मंजिल का यह मंदिर 1553 में बनाया गया था, जो भीम की पत्नी हिडिम्बा को समर्पित है। पूरे मंदिर में काष्ठ पर हिन्दू मिथकों से ली गई गाथाएं उकेरी गयी हैं। ढूंगरी वन विहार में स्थित इस मंदिर में मई के महीने में भव्य उत्सव होता है। मनाली से दो किलोमीटर उत्तर पश्चिम में स्थित पुराना मनाली भी पर्यटकों को मुग्ध कर देता है। यह स्थान गेस्ट हाउसों और फूलों के बागीचों के लिए प्रसिद्ध है। यहां पर स्थित है मनु महर्षि मंदिर। मान्यता है कि आदिपुरुष मनु ने यहीं पर ध्यान लगाया था। मनाली में माल रोड से करीब चार किलोमीटर दूरी पर वशिष्ठ नामक एक छोटा-सा गांव बसा हुआ है। इस गांव में मुनि वशिष्ठ और भगवान राम को समर्पित कई पुराने मंदिर हैं। यहीं पर ठंडे और गर्म चश्मे हैं, जहां आप भी स्नान कर सकते हैं। इसके अलावा तिब्बती शरणार्थियों द्वारा 1960 में निर्मित गाधन थेकचोलिंग गोम्पा स्थित है। पारम्परिक गोम्पाओं की तरह चटख सुनहरे और लाल रंग से सजे इस बौद्ध मंदिर में शाक्य मुनि बुद्ध की प्रतिमा विराजमान है। गोम्पा की बाहरी दीवार पर तिब्बत में 1987 से 1989 के बीच चीनी कार्रवाई में मारे गए नागरिकों के नाम लिखे हुए हैं। दरअसल मनाली का मुख्य आकर्षण रोहतांग दर्रा ही है। ज्यादातर लोग रोहतांग दर्रा की वजह से यहां आते हैं। यहां पर अक्तूबर से फरवरी के मध्य बर्फ पड़ती है। रोहतांग से लेह का राष्ट्रीय राजमार्ग भी छह महीने के लिए बन्द कर दिया जाता है, क्योंकि यहां मौसम पल-पल बदलता रहता है। बर्फ का लुत्फ उठाने के लिए सैलानी यहां पर आते हैं। गिरती हुई बर्फ को देख कर सैलानियों का मन आकाश की ऊंचाइयों को छूने लगता है।

एडवेंचर/ट्रेकिंग

मनाली न केवल प्राकृतिक दृश्यों के कारण पर्यटकों को बांधे रखने में सक्षम है, बल्कि यहां उपलब्ध एडवेंचर टूरिज्म के कारण बार-बार यहां आने का मन करता है। एक ओर हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग लर्जी, कटरैन तथा कसौल में मछली के शिकार की सुविधा देता है तो वहीं रोहतांग-ला में आप माउन्टेन बाइकिंग का मजा ले सकते हैं। मई से मध्य जून, सितम्बर से मध्य अक्तूबर तक व्यास नदी में राफ्टिंग का लुफ्त लिया जा सकता है। अगर आप अधिक रोमांच चाहते हैं तो मनाली के उत्तर में सोलांग नल्ला बाहें पसारे आपका स्वागत करता है। यहां पर पर्वतारोहण, ट्रैकिंग के लिए भी ढेर सारी जगहें हैं।

मध्य भारत का खूबसूरत पर्यटन स्थल

पचमढ़ी

मध्यप्रदेश के होशंगाबाद जिले में स्थित पचमढ़ी मध्य भारत का सबसे खूबसूरत पर्यटन स्थल है। यहां के हरे-भरे और शांत वातावरण में बहुत-सी नदियों और झरनों के गीत पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। इसके साथ ही यहां शिवशंकर के कई मंदिर भी है, जो आपको तीर्थयात्रा का सुकून देते हैं। वैसे तो ऐसा बहुत कम होता है कि आप कहीं छुट्टी मनाने जाएं और लगे हाथ आपकी तीर्थयात्रा भी हो जाए। लेकिन यकीन मानिए, अगर आप मध्यप्रदेश के एकमात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल पचमढ़ी जाएंगे, तो प्रकृति का भरपूर आनंद उठाने के साथ आपकी तीर्थयात्रा भी हो जाएगी।

लोकप्रिय जलप्रपात

यहां आप कई जलप्रपात का मजा ले सकते हैं जिसमें रजत प्रपात, बी फॉल्स तथा डचेज फॉल्स सबसे लोकप्रिय हैं। इसका बी फॉल्स नाम इसलिए पड़ा है क्योंकि पहाड़ी से गिरते समय यह झरना बिलकुल मधुमक्खी की तरह दिखता है। यह पिकनिक स्पॉट भी है, जहां आप नहाने का भी मजा ले सकते हैं। रास्ते में आम के पेड़ बहुतायत में दिखते हैं। डचेज फॉल पचमढ़ी का सबसे दुर्गम स्पॉट है। यहां जाने के लिए करीब डेढ़ किलोमीटर का सफर पैदल तय करना पड़ता है। इसमें से 700 मीटर घने जगलों के बीच से और करीब 800 मीटर का रास्ता पहाड़ पर से सीधा ढलान का है।

महादेव का दूसरा घर पचमढ़ी

दरअसल, पचमढ़ी को कैलाश पर्वत के बाद महादेव का दूसरा घर कह सकते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भस्मासुर (जिसे खुद महादेव ने यह वरदान दिया था कि वह जिसके सिर पर हाथ रखेगा वह भस्म हो जाएगा और भस्मासुर ने यह वरदान खुद शिवजी पर ही आजमाना चाहा था) से बचने के लिए भगवान शिव ने जिन कंदाराओं और खोहों की शरण ली थी वह सभी पचमढ़ी में ही हैं। शायद इसलिए यहां भगवान शिव के कई मंदिर दिखते हैं। पचमढ़ी पांडवों के लिए भी जानी जाती है। यहां की मान्यताओं के अनुसार पांडवों ने अपने अज्ञातवास का कुछ काल यहां भी बिताया था और यहां उनकी पांच कुटिया या मढ़ी या पांच गुफाएं थीं जिसके नाम पर इस स्थान का नाम पचमढ़ी पड़ा है।

सतपुड़ा की रानी

पौराणिक कथाओं से बाहर आकर आज की बात करें तो मध्यप्रदेश के होशंगाबाद जिले में स्थित पचमढ़ी समुद्रतल से 1,067 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। सतपुड़ा की पहाड़ियों के बीच होने और अपने सुंदर स्थलों के कारण इसे सतपुड़ा की रानी भी कहा जाता है। सतपुड़ा राष्ट्रीय उद्यान का भाग होने के कारण यहां चारो ओर घने जंगल हैं। पचमढ़ी के जंगल खासकर जंगली भैंसे के लिए प्रसिद्ध हैं। इस स्थान की खोज कैप्टन जे. फॉरसोथ ने 1862 में की थी। पचमढ़ी की गुफाए पुरातात्विक महत्व की हैं क्योंकि इन गुफाओं में शैलचित्र भी मिले हैं। पचमढ़ी से निकलकर जब आप सतपुड़ा के घने जंगलों में जाएंगे तो आपको बाघ, तेंदुआ, सांभर, चीतल, गौर, चिंकारा, भालू आदि अनेक प्रकार के जंगली जानवर मिलते हैं।

ऐसे पहुंचे

अगर आप दिल्ली से जा रहे हैं तो आपको पहले भोपाल पहुंचना होगा। यहां से पचमढ़ी की दूरी 211 किलोमीटर है और यह दूरी तय करने के लिए बसें मिलती रहती हैं। ये 211 किलोमीटर अगर अपनी गाड़ी से तय करें तो अति उत्तम। वैसे पचमढ़ी का नजदीकी रेलवे स्टेशन पिपरिया है जो कि पचमढ़ी से 52 किलोमीटर दूर है।

कहां ठहरें

मध्यप्रदेश का प्रमुख पर्यटन स्थल होने के कारण होटलों के मामले में पचमढ़ी बेहद समृद्ध है। यहां पंजाबी के अलावा जैन, गुजराती और मराठी व्यंजन भी आसानी से उपलब्ध हैं, क्योंकि साल में एक बार यहां मेला लगता है जिसमें पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र और गुजरात के लोगों की भागीदारी सबसे अधिक होती है। मध्यप्रदेश टूरिज्म के होटलों के अलावा यहां प्रायवेट होटल भी बहुतायत में हैं।

प्रभास की फिल्म स्पिरिट पर नया अपडेट

पैन इंडिया स्टार प्रभास की हर एक फिल्म का उनके प्रशंसक बेसब्री से इंतजार करते हैं। प्रशंसक प्रभास की हर एक फिल्म को लेकर जानकारी प्राप्त करते रहते हैं। कल्कि 2898 एडी की आपार सफलता के बाद प्रभास की आगामी फिल्म स्पिरिट को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। इस जानकारी से प्रभास के प्रशंसक बेहद खुश होने वाले हैं।

डबल रोल में प्रभास

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म स्पिरिट में प्रभास डबल रोल में नजर आएंगे। प्रभास एक पुलिस अधिकारी के रूप में दिखेंगे, जबकि दूसरी भूमिका में वे मुख्य विलेन का किरदार निभाएंगे। यानी की प्रभास एक ही फिल्म में हीरो और खलनायक का रोल निभाते नजर आएंगे। प्रभास को डबल रोल में देखना उनके प्रशंसकों के लिए काफी रोमांचक और अनोखा अनुभव रहेगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निगेटिव रोल में प्रभास की एंट्री फिल्म के इंटरवल के बाद होगी, जो कि फिल्म में एक महत्वपूर्ण मोड़ की शुरुआत को संकेत देगी। एनिमल फिल्म से प्रसिद्धी हासिल कर चुके निर्देशक संदीप रेड्डी वंगा को उनके बेहतरीन निर्देशन के लिए जाना जाता है। वहीं, प्रभास को निगेटिव अवतार में देखना निश्चित रूप से दर्शकों के लिए एक नया अनुभव होगा। प्रभास और संदीप के प्रोजेक्ट स्पिरिट को लेकर यही अनुमान लगाया जा सकता है कि यह एक यादगार फिल्म होगी। हालांकि, प्रभास के डबल रोल को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन इस जानकारी ने दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर और अधिक जिज्ञासा पैदा कर दी है। प्रभास का दोहरी भूमिका में आना दर्शकों की उम्मीदों को और भी बढ़ाता है।

वेदांग के साथ डेटिंग को लेकर फिर चर्चा में आईं खुशी कपूर

बोनी कपूर की लाडली बेटी और जान्हवी कपूर की बहन खुशी कपूर ने जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से अपना अभिनय डेब्यू किया है। हालांकि, खुशी कपूर डेब्यू से पहले से ही अपने अंदाज से दर्शकों का दिल जीत चुकी थीं। खुशी की सोशल मीडिया पर तगड़ी फैन फॉलोइंग है। अपनी फिल्म की रिलीज के बाद अभिनेत्री अपनी प्रोफेशनल लाइफ के अलावा अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी चर्चा में रहती हैं। अब खुशी एक बार फिर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में आ गई हैं।

वेदांग रैना के साथ फिर जुड़ा खुशी कपूर का नाम

द आर्चीज के बाद से ही खुशी कपूर का नाम उनके सह-कलाकार वेदांग रैना के साथ जोड़ा जा रहा है। हालांकि, दोनों ने अभी तक अपने रिश्ते की पुष्टि नहीं की है, लेकिन हाल ही में मीडिया में खुशी के फोन का वॉलपेपर कैप्चर किया गया है, जिसमें वेदांग, उनकी बहन जान्हवी कपूर और जान्हवी के बॉयफ्रेंड शिखर पहाड़िया के साथ उनकी एक तस्वीर थी। खुशी कपूर को मुंबई एयरपोर्ट से निकलते हुए देखा गया। वह टैंक टॉप और मैचिंग जॉगर्स में नजर आईं। बिना मेकअप के और बालों को पोनीटेल में बांधे खुशी एंट्री की ओर बढ़ीं। इसी समय खुशी का वॉलपेपर मीडिया के कैमरे में कैद हो गया। सोशल मीडिया पर इस वीडियो के वायरल होते ही लोगों के बीच एक बार फिर खुशी और वेदांग की डेटिंग की अफवाहों ने जोर पकड़ लिया है।

'कृष्णा मोहिनी' का सफर गिरती टीआरपी के चलते हुआ खत्म

कलर्स टीवी का फहमान खान और देबत्तमा साहा स्टारर शो 'कृष्णा मोहिनी' गिरती हुई टीआरपी के कारण बंद कर दिया गया है। शो दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचने में नाकाम रहा, जिसके कारण चैनल ने ये फैसला लिया। शो से फहमान और देबत्तमा दोनों ने थोड़े समय बाद टेलीविजन पर वापसी की थी। इस शो में समलैंगिकता जैसे संवेदनशील विषय को भी दिखाया गया था। दर्शकों के दिल को नहीं छू पाया सीरियल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक टेलीविजन पर समलैंगिकता जैसे विषय को पहली बार दिखाया जा रहा था। इस तरह का शो बनाने के लिए निर्माताओं और अभिनेताओं दोनों की सराहना की गई थी, लेकिन यह दर्शकों के दिल को छूने में नाकाम रहा। इसी वजह से यह अपना प्रभाव नहीं छोड़ पाया और टीआरपी की रेस हार गया। इस शो में मुख्य भूमिका निभाने वाले देबत्तमा और फहमान ने शूटिंग के आखिरी दिन की एक झलक दिखाई। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर स्टोरी साझा की। देबत्तमा ने शो के आखिरी दिन का अपना एक छोटा सा वीडियो क्लिप साझा किया। वह इस वीडियो में वह काफी मायूस लग रही थीं। वहीं, अभिनेता फहमान ने भी अपनी एक तस्वीर स्टोरी पर साझा की, जिसमें उन्होंने लिखा, 'आखिरी लुक।'

हीरामंडी के बाद अब इस निर्देशक के साथ काम करना चाहती हैं प्रतिभा

अभिनेत्री प्रतिभा रांटा ने पता लेडी में किरण राव के साथ और हीरामंडी में संजय लीला भंसाली के साथ काम किया अब अभिनेत्री ने कहा कि भविष्य में फिर दोबारा से दोनों निर्देशकों के साथ काम करने में उन्हें खुशी होगी। साथ ही अभिनेत्री ने खुलासा किया कि वे भविष्य में किस निर्देशक के साथ काम करना चाहती हैं। प्रतिभा ने कहा कि वे इम्तियाज अली के साथ काम करना चाहती हैं और उनकी फिल्म में मुख्य नायिका का किरदार करना चाहती हैं। प्रतिभा ने किरण राव और संजय लीला भंसाली से सीखी हुई बातें भी बताई और उनके काम की प्रशंसा भी की। प्रतिभा का कहना है कि किरण विवरण पर ध्यान देती हैं और संजय अपने काम के प्रति जुनूनी हैं।



शरवरी वाघ ने शुरू की अल्फा की शूटिंग

यशराज अपने बैनर तले पहली फीमेल स्पाई एक्शन फिल्म अल्फा बना रहा है। इसमें आलिया भट्ट और शरवरी वाघ लीड रोल में नजर आएंगी। हाल ही में आलिया इस फिल्म की शूटिंग करती हुई नजर आई, जबकि शरवरी ने आज 30 जुलाई को फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इसकी जानकारी एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर दी। शरवरी ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की, जिसमें वह फिल्म के क्लैपबोर्ड और निर्देशक शिव रवैल के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। फोटो को शेयर करते हुए शरवरी ने कैप्शन में लिखा, इससे बड़ा कुछ और नहीं हो सकता है। आज से अपनी अल्फा जर्नी को शुरू कर बेहद एक्साइटेड हूं। मेरा विश्वास करें, इस पल को लेकर काफी एक्टसाइट हूं। एक्ट्रेस ने फिल्म पर काम शुरू करने को लेकर अपनी एक्साइटमेंट को साझा किया। इससे पहले स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनने को लेकर शरवरी ने कहा था, इस बड़े स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा बनना सम्मान की बात है। ईमानदारी से कहूं तो मैं ज्यादा दबाव महसूस नहीं कर रही हूं। मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनने के प्रोसेस के हर पल का आनंद उठा रही हूं। उन्होंने कहा, मेरे अंदर अभी भरपूर एनर्जी है। इस अवसर को पाने के लिए और देश की सबसे बड़ी सुपरस्टार में से एक आलिया भट्ट के साथ काम करने को लेकर बेहद उत्सुक हूं। एक्ट्रेस ने कहा कि वह सेट पर जाने, हर दिन आलिया से सीखने और अपने सीन को अच्छी तरह से निभाने के इंतजार में रहती हैं। शरवरी ने कहा, अगर मैं दबाव को अपने ऊपर हावी होने दूंगी, तो मुझे मजा नहीं आएगा और मैं ऐसा नहीं चाहती। ऐसे यूनिवर्स का हिस्सा बनना एक सपना सच होने जैसा है। मैं आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण और कैटरीना कैफ को अपना आइडियल मानती हूं। हाल ही में आलिया भट्ट की अल्फा के सेट से कुछ तस्वीरें सामने आई थी। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स के बैनर तले सलमान खान-कैटरीना कैफ की एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है और टाइगर 3, ऋतिक रोशन-टाइगर श्रॉफ की वॉर, शाहरुख खान-दीपिका पादुकोण की पठान जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्में बनी हैं।

डेजी शाह ने बांधे सलमान की तारीफों के पुल

डेजी शाह, जिन्होंने सलमान खान के साथ फिल्म जय हो और रेस 3 जैसी फिल्मों में काम किया है। डेजी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सलमान की जमकर तारीफ की साथ ही उन्होंने बताया कि सलमान खान की फिल्म के सेट पर कलाकारों और क्रू के लिए स्पेशल खाने का इंतजाम होता है। डेजी शाह ने सलमान खान की 2014 में रिलीज हुई फिल्म जय हो से बॉलीवुड में कदम रखा था। जय हो के बाद डेजी हेट स्टोरी 3 और रेस 3 जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डेजी ने सलमान के व्यवहार के बारे में बात करते हुए कहा सलमान काफी स्वीट हैं और बिल्कुल भी सख्त नहीं है। साथ ही डेजी ने कहा, सलमान मददगार हैं, जिनके साथ अगर कोई काम कर रहा है, तो वह जाकर उनसे हर चीज के बारे में बात कर सकता है। डेजी ने बताया कि जब वह अमेरिका में फंसी हुई थीं, तब सलमान ने उनकी मदद की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, डेजी ने आगे कहा, सलमान ने मेरी मदद करने के लिए अपने दोस्त को बुलाया और उनके दोस्त ने मुझे बुलाया। उस दौरान सलमान ने मुझे इस स्थिति से बाहर निकाला। अगर आप किसी समस्या के लिए उन्हें बुलाते हैं, तो यह तय है कि आप उस स्थिति से बाहर निकलेंगे ही।

किल से धमाल मचाने के बाद आईएफएफएम में शिरकत करेंगे लक्ष्य

अभिनेता लक्ष्य ने फिल्म किल में अपनी दमदार अदाकारी दिखाकर लोगों के दिलों में खास जगह बना ली है। अपनी इस डेब्यू फिल्म से ही वह बॉलीवुड के एक्शन स्टार के रूप में उभरकर सामने आए हैं। इस बीच अभिनेता जल्द ही एक और उपलब्धि हासिल करने को तैयार हैं। दरअसल, लक्ष्य को 15 अगस्त से शुरू होने वाले प्रतिष्ठित कार्यक्रम इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) में आमंत्रित किया गया है। इस महोत्सव में उनका शामिल होना फिल्म इंडस्ट्री में उनके बढ़ते प्रभाव की ओर इशारा कर रहा है। पहली फिल्म के बाद से ही इस महोत्सव में आमंत्रित किया जाना लक्ष्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।मेलबर्न का भारतीय फिल्म महोत्सव भारतीय सिनेमा के सर्वश्रेष्ठ कलाकारों को सम्मानित करने के लिए प्रसिद्ध है। इस साल इस कार्यक्रम में लक्ष्य के अलावा तेलुगु सुपरस्टार राम चरण, संगीतकार एआर रहमान, निर्देशक करण जौहर, राजकुमार हिरानी, कबीर खान और इम्तियाज अली जैसी हस्तियां नजर आएंगी। लक्ष्य की किल की बात करें तो इस फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है। इस फिल्म में उनके साथ राघव जुयाल, आशीष विद्यार्थी, हर्ष छाया, तान्या मानिकतला और अभिषेक चौहान ने भी अभिनय किया है। देश के साथ विदेश में भी इस फिल्म की काफी ज्यादा चर्चा रही है। यही वजह है कि जल्द ही यह फिल्म हॉलीवुड में भी बनने जा रही है।

खुशनसीब हूं कि 10 साल से खतरों के खिलाड़ी होस्ट कर रहा हूं

सिनेमा जगत में डायरेक्टर रोहित शेट्टी को जहां हिट मशीन के रूप में जाना जाता है, वहीं छोटे पर्दे पर वह स्टंट बेस्ड रिएलिटी शो खतरों के खिलाड़ी के होस्ट के रूप में एक दशक लंबी सफल पारी खेल चुके हैं। अब जल्द ही इस शो का 14वां सीजन लेकर आ रहे रोहित शेट्टी से हमने स्टंट्स से लगाव, होस्टिंग के एक दशक और उनकी नई फिल्म सिंघम अगेन तक पर की खास बातचीत

आपके पिता एक्शन डायरेक्टर थे। बच्चे के तौर पर आपको उसमें क्या आकर्षण दिखा जिससे आप उसी दिशा में मुड़ गए?

नहीं, ऐसा बिल्कुल नहीं हुआ। रिस्क वाली बात हमारे घर में कभी नहीं आई। मेरे डैडी एक्शन डायरेक्टर थे। मम्मी भी एक्शन में थीं तो बचपन से मेरे मन में यही था कि मैं भी वही करूंगा। हमेशा ये लगा कि यही हमारा काम है, इसलिए मैंने भी डैडी वाला प्रफेशन ही अपनाया और किसी ने रोका भी नहीं, क्योंकि हमारे घर में इसके लेकर एक पॉजिटिविटी रही। मेरे पैरंट्स का ये था कि हमने ये किया, तुम भी यही करना चाहते हो तो करो।

आपने फिल्मों में एक्शन को एक ऊंचाई दी पर अब एक्शन में हॉलिवुड का स्टाइल नकल करने की एक होड़ दिख रही है। आपकी इस पर क्या राय है?

मुझे लगता है कि ये बदलाव जरूरी है। हर डायरेक्टर का एक अपना नजरिया होता है और अगर वे स्टंट को अपग्रेड करना चाहते हैं तो सही है। टीम हॉलिवुड से आती है या साउथ अफ्रीका से आती है। हमारी फिल्मों में भी आती है, क्योंकि एक्शन को नए लेवल पर ले जाना जरूरी है। अभी हमारे दर्शक बदल रहे हैं। उन्हें बहुत एक्सपोजर मिल रहा है तो एक कॉम्पिटिशन भी है ही, इसलिए यह अच्छी बात है कि एक्शन और बड़ा हो रहा है, बड़े लेवल पर हो रहा है, बाहर से टीम आ रही है।

इधर, थिएटर के प्रति दर्शकों का रुझान कम देखने को मिल रहा है। आपको नहीं लगता यह स्थिति चिंताजनक है?

देखिए, एक फेज होता है जो आता है और चला जाता है। हम एक दौर से गुजर रहे हैं। इसमें बहुत सारी चीजें होती हैं। मार्केट जुड़ा होता है, लोगों का नजरिया होता है, उनकी चॉइसेज इन्वॉल्व होती हैं और ये चॉइसेस बदलती रहती हैं। कोई भी एक तरह की चीज हमेशा नहीं चलती है। वक्त के हिसाब से चीजें बदलती हैं। यह एक साइकिल की तरह होता है कि जो चीज गई, वो नई पैकेजिंग में वापस आती है। निश्चित तौर पर सिनेमा का लो फेज में चलना किसी को भी पसंद नहीं है लेकिन ये पहली बार नहीं आया है। पहले भी कई बार आया है, आगे भी आएगा और चला भी जाएगा।

खतरों के खिलाड़ी को होस्ट करने हुए आपको 10 साल हो गए। इन दस सालों में आपको इस शो ने किसी तरह से बदला या कुछ सिखाया?

मुझे इस दस सालों में प्यार बहुत मिला। मैं बहुत खुशनसीब हूं कि 10 साल से ये शो होस्ट कर रहा हूं। यह बहुत कमाल का सफर रहा। जब शुरू किया था तब बिल्कुल नहीं सोचा था कि मैं 10 साल तक ये शो होस्ट करूंगा या ऑडियंस मुझे करने देगी। मुझे खुशी है कि उन्हें शो पसंद आ रहा है, मैं पसंद आ रहा हूं तो हमारी कोशिश यही रहती है कि जितना प्यार वे देते हैं, उससे ज्यादा हम मेहनत करें। जैसे, इस बार हमने 90 पर्सेंट स्टंट नए रखे हैं। हम चाहते थे कि दर्शकों को नयापन मिले। साथ ही एंटरटेनमेंट भी खूब है। रही सीखने की बात तो इंसान समय के साथ सीखता ही रहता है। जब आप टेलीविजन करते हैं तो आप में धैर्य बहुत ज्यादा आ जाता है।

बॉलिवुड में जहां दोस्ती टिकती नहीं, वहां आपकी और अजय देवगन की 33 साल पुरानी दोस्ती मिसाल है। इस अटूट रिश्ते का क्या राज है?

हमारे बीच दोस्ती से ज्यादा बड़े भाई-छोटे भाई वाला रिश्ता है। वो मेरे बड़े भाई की तरह है, बल्कि बड़े भाई ही हैं। आज मैं जो कुछ भी हूं, उसमें उनका बहुत बड़ा सहयोग है। मेरी पहली फिल्म से सिंघम या सिंघम अगेन तक, जो बन रही है, मेरे करियर में उनका बहुत बड़ा हाथ रहा है। वे हमेशा मुझे अपने छोटे भाई की तरह मानते हैं, मैं उन्हें बड़े भाई की तरह मानता हूं और ये रिश्ता अब 33 साल बाद कहां बदलने वाला है।

डीएम संग व्यापारियों ने की बैठक

नोएडा (चेतना मंच)। गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभागार में व्यापार बंधुओं की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी व्यापारियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का त्वरित गति के साथ निस्तारण करें। उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की ओर से प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने सभी बाज़ारों की प्रमुख समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिसमें नोएडा में खुले नालों की समस्या और पार्किंग व विद्युत विभाग की समस्याओं को विशेष तौर पर रखा गया।

आयोजित बैठक में उप्र युवा व्यापार मंडल की ओर से डीएम मनीष वर्मा को भामाशाह सम्मान 2024का मोमेंटो भेंट किया गया।

गांजे के साथ दबोचा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना ईकोटेक-3 पुलिस ने मादक पदार्थों के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके पास से गांजा बरामद हुआ है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम ग्राम चौगानपुर गोल चक्कर के पास संदिग्ध वाहन की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस को सर्विस रोड से एक व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया। यह व्यक्ति पुलिसकर्मियों को देखकर पीछे मुड़कर जाने लगा। संदेह के आधार पर पुलिसकर्मियों ने उक्त व्यक्ति को दबोच लिया।

तलाशी में इसके पास से 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम गौरव पुत्र पप्पू निवासी मोरना बताया। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी पिछले काफी समय से गांजे की तस्करी व बिक्री में लिप्त है।

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ''फ्लेम 2024'' का शुभारंभ

दुनिया की चुनौतियां का समाधान तकनीक से करें छात्र : डा. मणिकवासगम

नोएडा (चेतना मंच)। एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा ''मैकेनिकल इंजीनियरिंग के भविष्य के शिक्षण पहलू'' विषय पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन '' फ्लेम 2024'' का आयोजन किया गया है। इस सम्मेलन का शुभारंभ डीआरडीओ के स्ट्रैटजिक सिस्टम्स के प्रोग्राम डायरेक्टर डा मणिकवासगम एम, एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद डा. अशोक कुमार चौहान, डीआरडीओ की डायरेक्टोरेट ऑफ फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट की निदेशक डा एन रंजना द्वारा किया गया।

सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए डीआरडीओ के स्ट्रैटजिक सिस्टम्स के प्रोग्राम डायरेक्टर डा मणिकवासगम एम ने कहा कि मैकेनिकल इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग की सबसे पुरानी धाराओं में से एक है और यह हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। स्वचालन और नवाचार नए उत्पादों और प्रौद्योगिकियों के विकास की कुंजी हैं और छात्रों को आज की दुनिया की चुनौतियों का समाधान और परिणाम प्रदान करने के लिए नई तकनीकों का विकास करना चाहिए।

एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष व प्रसिद्ध शिक्षाविद डा. अशोक कुमार चौहान ने कहा कि एमिटी विश्वविद्यालय आज दुनिया के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में से एक है और यह अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नंबर एक बनने का प्रयास कर रही है। जब

समान विचारधारा वाले वैज्ञानिक एक साथ आते हैं, तो हर क्षेत्र में बहुत बड़ा विकास होता है। उन्होंने छात्रों से कड़ी मेहनत करने और अपने लक्ष्यों को बड़े आत्मविश्वास और दृढ़ विश्वास के साथ हासिल करने की आकांक्षा रखने का आह्वान किया।

डीआरडीओ की डायरेक्टोरेट ऑफ फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट की निदेशक डा एन रंजना ने कहा कि उद्योग-अकादमिक साझेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है और डीआरडीओ और एमिटी विश्वविद्यालय कई परियोजनाओं पर बहुत निकटता से काम कर रहे हैं। एमिटी कैपिटल वेंचरस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमोल चौहान, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डा मनोज पांडेय ने भी सम्मेलन के पहले दिन अपने विचार रखे।

कांग्रेस नेता रामकुमार तंवर को पुलिस ने किया नजरबंद

नोएडा (चेतना मंच)। राहुल गांधी के खिलाफ केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की अभद्र

टिप्पणी के विरोध में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार प्रदेश भर में आंदोलन व रोष प्रदर्शन से घबराकर नोएडा महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार तंवर को नोएडा पुलिस द्वारा घर पर ही नज़रबंद कर दिया गया।

इस अवसर पर रामकुमार तंवर ने कहा कि भाजपा के नेताओं की छोटी मानसिकता का बार-बार उदाहरण संसद से लेकर सड़क तक जनता के सामने आ चुका है। भाजपा के नेता राहुल गांधी से इतने डर गये हैं कि वो अब गाली-गलोच पर उतर आये हैं। जनता सब देख रही है आने वाला समय भाजपा के लिए और कठिन होने वाला है।

हम कांग्रेस के सच्चे सिपाही हैं। हम लोग न तो जेल जाने से डरते है और न हीं किसी मुक़दमे से। कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में जाति जनगणना करवा के ही रहेगी।

साइबर गैंग ठगों को बैंक खाता कराता था उपलब्ध, दिल्ली से गिरफ्तार

नोएडा (चेतना मंच)। एक महिला को ड्रग्स और मनी लॉन्ड्रिंग केस में फंसाने का डर दिखाकर 84 लाख रुपये की ठगी करने वाले साइबर गैंग को बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले शातिर अपराधी को थाना साइबर क्राइम पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया हैं। इसके कब्जे से साइबर ठगी में इस्तेमाल किया गया मोबाइल फोन बरामद किया हैं। उमेश महाजन ठगी करने वाले साइबर गैंग को बैंक खाता उपलब्ध कराया था, जिसमें 05 लाख 110 रुपए ट्रांसफर हुए थे। जबकि साइबर ठगों पीड़िता को डिजिटल अरेस्ट कर फर्जी पासपोर्ट, क्रेडिट कार्ड व अवैध मादक पदार्थो की बिक्री का भय दिखाकर 84 लाख रुपये की ठगी की थी।

एसीपी साइबर क्राइम विवेक रंजन गौतमबुद्धनगर ने बताया कि साइबर थाना पुलिस टीम ने उमेश महाजन को दिल्ली से गिरफ्तार किया हैं। एसीपी साइबर क्राइम विवेक रंजन ने बताया कि सेक्टर 45 में रहने वाली पीड़िता ने 26 जून को इसकी शिकायत थाना साइबर क्राइम को लिखित सूचना दी गई थी। उन्होंने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर जब साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा जाँच की गई तो पता चला कि पीड़िता के खाते से आरोपी द्वारा विभिन्न बैंक खातो में धनिराशि ट्रान्सफर की गयी है जिसमें एक बैंक खाता (सिटी यूनियन बैंक) जिसका खाताधारक अभियुक्त उमेश महाजन है जो दिल्ली के राजौरी गार्डन में रहता है। बैंक खाते में वादिनी मुकदमा के बैंक खाते से 5 लाख 110 रुपए ट्रांसफर हुए है। उक्त उमेश महाजन के सम्बंध में जानकारी एकत्रित की गयी जिसको दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।

महिलाओं के लिए लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

नोएडा (चेतना मंच)। सदरपुर खजूर कॉलोनी, सेक्टर 45 में महिलाओं की स्वच्छता एवं स्वास्थ्य को

ध्यान में रखते हुए निशुल्क स्वास्थ्य शिविर वासुदेव कल्याण फाउंडेशन की संस्थापक श्रीमती शिप्रा त्रिपाठी गर्ग द्वारा लगाया गया। इस नि:शुल्क शिविर का उद्घाटन श्रीमती शारदा चतुर्वेदी, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्षा, नोएडा महानगर ने किया।

स्वास्थ्य शिविर में डॉ.सुजाता गर्ग, स्त्रीरोग विशेषज्ञ ने सभी उपस्थित महिलाओं को उनको स्वस्थ एवं स्वच्छता के लिए जागरूक किया। सभी की जांच भी की, उन्हें उनके स्वास्थ के प्रति सजग होने की सलाह भी दी।

महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपनी रुचि भी दिखाई। सभी महिलाओं को दवाई एवं सैनिटरी पैड आदि का वितरण भी किया।

इस कार्यक्रम में श्रीमती शिवानी शरद, महामंत्री भाजपा महिला मोर्चा की गरिमामई उपस्थिति, रेनू बाला शर्मा का भी अहम सहयोग रहा। अर्द्धनारी फाउंडेशन के गोपाल गुप्ता, रंजू मिश्रा, किरण खुशवाहा, रेनू सिंह, ललिता, चंपा मेहरा, बबलू, कुलदीप तथा अन्य आदि सभी सभी उपस्थित रह कर सहयोग किया।

उद्यमियों ने उठाई चिल्ला एलिवेटेड रोड के निर्माण की मांग

नोएडा (चेतना मंच)। मयूर विहार दिल्ली से नोएडा-ग्रेटर

नोएडा को जोड़ने वाले दिल्ली-नोएडा लिंक रोड पर एलिवेटेड रोड के निर्माण की मांग जोर पकड़ने लगी है। इस रोड पर जाम की समस्या का असर जिले के 25 से 30 हजार उद्योगों पर पड़ रहा है। लिंक रोड पर सुबह-शाम चार से पांच घंटे के जाम से दिल्ली-नोएडा के बीच आवगमन करने वाले लाखों श्रमिक और हजारों उद्यमी परेशान हो रहे हैं। एमएसएमई इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को पत्र लिखकर चिल्ला एलिवेटेड रोड के निर्माण की मांग उठाई है।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम को लिखे पत्र में एमएसएमई के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नाहटा ने कहा कि जाम का उद्योगों पर बुरा असर पड़ रहा है। दिल्ली से नोएडा और नोएडा से ग्रेटर नोएडा के बीच रोजाना लाखों की संख्या में श्रमिक और उद्यमी सफर करते हैं। इस महत्वपूर्ण मार्ग का प्रयोग माल ढुलाई के लिए भी किया जाता है, लेकिन जाम की बढ़ती समस्या के कारण रोजाना करोड़ों रुपये का ईंधन और अमूल्य समय की बर्बादी हो रही है। जाम की समस्या आम जनता के साथ गौतमबुद्धनगर के 25 से 30 हजार उद्योगों पर भी दोहरी मार डाल रही है। सबसे ज्यादा परेशानी दिल्ली-नोएडा लिंक रोड पर सुबह-शाम लगने वाले जाम की वजह हो रही है। श्रमिक, उद्योग संचालक और माल ढुलाई करने वाले लाखों वाहन रोजाना चिल्ला बॉर्डर के रास्ते दिल्ली-नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच आवाजाही करते हैं, जो सुबह-शाम चार से पांच घंटे लगने वाले जाम के बीच समय बर्बाद करने के साथ ईंधन के रूप में रोजाना आर्थिक बोझ का सामना कर रहे हैं।

2012 में निर्माण की बनी थी योजना

बता दें कि साल 2012 में नोएडा प्राधिकरण ने साढ़े पांच किलोमीटर लंबे चिल्ला एलिवेटेड रोड को तैयार करने की योजना बनाई थी, लेकिन 12 साल बाद भी सड़क नहीं बन सकी है। वर्ष 2019 में काम भी शुरू हुआ था, लेकिन कुछ समय बाद काम बंद कर दिया गया। अब तक इसके निर्माण की प्रक्रिया दोबारा से शुरू नहीं हो सकी है, जबकि यह प्रोजेक्ट दिल्ली-एनसीआर के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है।

सदरपुर गांव में जर्जर हुई सीवर लाइन, 6 महीने से बुरा हाल

नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा के सेक्टर-45 के सदरपुर गांव में सीवर लाइन पूरी तरह से

जर्जर हो गई है। पिछले 6 महीने से यहां जगह-जगह सीवर ओवर फ्लो कर रहा है। प्राधिकरण के अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद सीवर लाइन ठीक नहीं हो पायी है।

सेक्टर-45 स्थित सदरपुर गांव के सोम बाजार व आसपास सीवर लाइन जर्जर हो चुकी है। यहां स्थित मेनहाल में से पिछले 6 महीने से गंदा और बदबूदार पानी उफान मार रहा है। गंदा पानी सदरपुर की गलियों में बहता रहता है। सीवर का गंदा पानी खुले में बहते रहने के कारण पैर रखना भी मुश्किल हो जाता है।

सदरपुर के निवासी व प्रसिद्ध हास्य कवि बाबा कानपुरी ने सदरपुर गांव की इस बदहाली पर जिंता जताई है। उन्होंने बताया कि कई बार नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों को सीवर के ओवर फ्लो के बारे में शिकायत की गई। लेकिन ड्रेनेज सिस्टम को ठीक नही किया गया। बरसात के दौरान सदरपुर गांव की गलियों का बुरा हाल हो जाता है। गलियों में पानी की निकासी ठीक न होने के कारण लोगों के घरों में भी पानी भर जाता है।

सदरपुर की आबादी बढ़ी

सदरपुर में नोएडा प्राधिकरण ने जो सीवर लाइन डाली है वह अब जर्जर है। यहां नालियां काफी छोटी हैं। इनमें गंदगी पड़ी रहती है जिस वजह से नालियां जाम हो जाती हैं। सदरपुर में पिछले कुछ सालों में कुछ मकान मालिकों ने एक मंजिला मकान को तीन से चार मंजिल बनाकर किरायेदार रख लिऐ हैं। जिस वजह से यहां की आबादी भी बढ़ी है। जिस कारण सीवर सिस्टम फेल हो चुका है।